red rose news:Layout 1 6/11/2023 12:32 AM Page 1




खबर नहीं, खबरों के पीछे की खबर


# रेड रोज न्यूज़

दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी मासिक समाचार पत्र

वर्षः 16 | अंकः 6 | नई दिल्ली | जून 2023 | कुल पृष्ठः 8 | मूल्यः 2/ रुपये | Regd. RNI No : DELHIN/2007/21149


## सीएम सुक्खू का दिल्ली दौरा, मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा जोरों पर

**शिमला।** सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू के सोमवार को दिल्ली दौरे से मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा जोरों पर है। सुक्खू मंत्रिमंडल में 3 पद खाली हैं और दावेदार कई हैं। सूत्रों की मानें, तब मंत्रियों के नाम तय कर लिए गए हैं। जून महीने में मंत्रिमंडल विस्तार की संभावनाएं हैं। राजेश धर्माणी का मंत्री बनना तय है। बोर्ड और निगमों में भी नेताओं की ताजपोशी जल्द होगी। करीब आधा दर्जन वरिष्ठ नेताओं की ताजपोशी होनी है और इसके लिए लॉबिंग शुरू हो चुकी हैं। ये तय है कि सीएम सुक्खू के करीबियों की संख्या सबसे ज्यादा होगी जबकि उप मुख्यमंत्री और पार्टी प्रदेशाध्यक्ष की पसंद से भी कुछ नेताओं को बोर्ड और निगमों में जगह मिलेगी। इसके अलावा डिप्टी स्पीकर, चीफ व्हिप और डिप्टी चीफ व्हिप की कुर्सी भी खाली है। हालांकि, नियुक्तियां पार्टी हाईकमान मंजूरी के बाद होंगी। संगठन और सरकार में तालमेल बनाए रखने के साथ साथ क्षेत्रिय और जातीय संतुलन भी बनाया जाएगा। 2024 के लोकसभा चुनावों को देखकर नियुक्तियां होंगी। पार्टी के भीतर भी कुछ बदलाव संभव हैं। इसके लिए



सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू दिल्ली दौरे पर हैं। जानकारी के अनुसार,सीएम और पार्टी प्रभारी राजीव शुक्ला के बीच सोमवार को मुलाकात की संभावनाएं कम हैं। मंगलवार को सीएम को शिमला लौटना। 26 मई को दिल्ली में पार्टी प्रभारी के अलावा सह प्रभारी तजेंद्र पाल बिट्टू और केसी वेणुगोपाल के साथ सीएम की लंबी बैठक हुई है। वहीं, डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री भी सोमवार देर रात को दिल्ली पहुंच जाएंगे और 31 मई को लौटने वाले हैं। बता दें कि हिमाचल कैबिनेट में 3 पद खाली हैं। सरकार के गठन के दौरान केवल सात पदों को ही भरा गया था। तब से कैबिनेट विस्तार की चर्चाएं चलती रहती हैं।

## कपिल सिब्बल की बीजेपी को नसीहत ट्वीट कर समझाया संगोल का असली मतलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली में नए संसद भवन के उद्घाटन को लेकर सियासी ड्रामा जारी है। सत्ताधारी पार्टी बीजेपी और विरोधी दलों के नेताओं के बीच जारी सियासी घमासान अभी तक थमा नहीं है। विरोधी दलों के नेता हद से पार जाकर पीएम नरेंद्र मोदी बीजेपी और केंद्र सरकार पर निशाना साध रहे हैं। इस बीच राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने बीजेपी को नसीहत देते हुए सेंगोल का असली मतलब समझाने का प्रयास किया है। उन्होंने ट्वीट कर बीजेपी नेताओं से साफ कर दिया है कि सेंगोल का मतलब वह नहीं है जो आप समझ रहे हैं। हकीकत यह है कि इसे आप जान बूझकर समझना नहीं चाह रहे हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने नए संसद भवन का उद्घाटन करने के बाद अपने ट्वीट में लिखा है कि भारतीय जनता पार्टी के नेता सेंगोल को अंग्रेजों से सत्ता हस्तांतरण का पर्याय मानते हैं। जबकि ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा है कि हो सके तो आप मेरी बात मान लेना। भारत में उन लोगों की इच्छा के माध्यम से सत्ता का हस्तांतरण हुआ जिन्होंने खुद को यह संविधान दिया। देवी मीनाक्षी द्वारा मदुरै के राजा को भेंट किया गया सेंगोल शासन करने के दैवीय अधिकार का प्रतीक है। तीन दिन पहले भी पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल ने अपने ट्वीट में लिखा था कि संसद हमारे गणतंत्र का प्रतीक है। राष्ट्रपति गणतंत्र का प्रमुख होता है। इस औपचारिक आयोजन में राष्ट्रपति की अनुपस्थिति हमारे गणतंत्र के लोकाचार का अपमान करने के समान होगा। उन्होंने केंद्र से सवालिया लहजे में पूछा था कि क्या सरकार को इस बात की परवाह है! दरअसल कपिल सिब्बल ने तीन पहले पहले इस मसले पर सवाल उठाए थे। आज उन्होंने सेंगोल का मतलब समझाकर बीजेपी को नसीहत देने की कोशिश की है। साथ ही इस बात के संकेत भी दिए हैं कि आप जो सेंगोल का मतलब समझाना चाह रहे हैं हम उसे स्वीकार नहीं कर सकते। पीएम नरेंद्र मोदी ने नए संसद भवन देश को समर्पित कर दिया। हालांकि इसको लेकर राजनीति जारी है।

## आप सांसद संजय सिंह का बीजेपी पर हमला कहा नई संसद बनी तानाशाह का दरबार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सियासी घमासान मचा हुआ है। नए संसद भवन के उद्घाटन को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला जारी है। इस दौरान बीजेपी सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर लगे यौन आरोपों के खिलाफ पिछले 23 अप्रैल से धरने पर बैठे पहलवान नए संसद भवन की ओर बढ़े थे लेकिन दिल्ली पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक दिया और हिरासत में लिया। वहीं आप सांसद संजय सिंह ने इसे लोकतंत्र की हार बताया है। दरअसल दिल्ली पुलिस का विरोध कर रहे पहलवानों का समर्थन करते हुए आप नेता संजय सिंह ने ट्वीट कर कहा कि एक तरफ लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर का उद्घाटन। दूसरी तरफ लोकतंत्र का समापन। नई संसद बनी तानाशाह का दरबार। दरअसल दिल्ली पुलिस का कहना है कि आज नए संसद भवन के उद्घाटन कार्यक्रम को देखते हुए किसी को धरना प्रदर्शन की इजाजत नहीं है। दिल्ली पुलिस ने आज दोपहर तीन बजे तक के नई दिल्ली इलाके में निजी वाहनों के भी प्रवेश पर रोक लगाई थी। खाप पंचायत और किसान संगठनों को चेतातनी दी गई थी कि वो नए संसद भवन की ओर कूच न करें लेकिन किसान और धरने पर बैठे पहलवान अपनी जिद पर अड़े रहे। इस बात को ध्यान में रखते हुए दिल्ली पुलिस ने दिल्ली की सीमाओं को सील कर दिया। रविवार सुबह से किसी को दिल्ली की सीमा में प्रवेश नहीं करने दिया गया। दूसरी तरफ जंतर-मंतर पर बैठे पहलवान नए संसद भवन की ओर आगे बढ़े जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

# रेलवे का ढाई हजार करोड़ का बजट पहुंचा दस हजार करोड़ पर : मोदी

### -पूर्वोत्तर को मिली पहली वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात, पीएम ने दिखाई हरी झंडी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पूर्वोत्तर की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 2014 में रेवले का ढाई हजार करोड़ बजट था, जो अब दस हजार करोड़ पर पहुंच गया है। उन्होंने नव विद्युतीकृत खंडों को राष्ट्र को समर्पित करने के साथ ही नवनिर्मित डेमू व एमईएमयू शेड का भी उद्घाटन किया। गौरतलब है कि अत्याधुनिक वंदे भारत एक्सप्रेस क्षेत्र के लोगों को गति और आराम के साथ यात्रा करने का साधन प्रदान करेगी और इससे क्षेत्र में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। पीएम मोदी ने आज के दिन को असम सहित पूरे नॉर्थ ईस्ट के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताया।



उन्होंने कहा कि नॉर्थ ईस्ट की कनेक्टिविटी से जुड़े तीन काम हो रहे हैं। नॉर्थ ईस्ट को पहली मेड इन इंडिया वंदे भारत मिल रही है। दूसरा ये पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाली तीसरी वंदे भारत है और असम एवं मेघालय के लगभग 425 किमी ट्रैक पर विद्युतीकरण का काम पूरा हो गया है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि बीते 9 साल, भारत के लिए अभूतपूर्व उपलब्धियों के रहे हैं, नए भारत के निर्माण के रहे हैं। कल ही देश को आजाद भारत की भव्य-दिव्य आधुनिक संसद मिली है। ये भारत के हजारों वर्ष पुराने लोकतांत्रिक इतिहास को हमारे समृद्ध लोकतांत्रिक भविष्य से जोड़ने वाली संसद है। पीएम ने कहा कि गुवाहाटी को न्यू जलपाईगुड़ी से जोड़ने वाली यह ट्रेन दोनों स्थानों को जोड़ने वाली वर्तमान में चलने वाली सबसे तेज ट्रेन की तुलना में यात्रा के समय में लगभग एक घंटे की बचत करने में मदद करेगी। वंदे भारत यात्रा को 5 घंटे 30 मिनट में तय करेगी, जबकि वर्तमान सबसे तेज ट्रेन उसी यात्रा को तय करने में 6 घंटे 30 मिनट का समय लेती है। अपने संबोधन में पीएम ने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस कामाख्या मंदिर, काजीरंगा अभयारण्य, असम में मानस टाइगर रिजर्व, मेघालय में शिलांग व चेरापूंजी और अरुणाचल प्रदेश में तवांग जैसे प्रमुख स्थलों को जोड़कर व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा देगी। उन्होंने आगे कहा कि 2014 से पहले, उत्तर पूर्व के लिए रेलवे का बजट 2500 करोड़ था। अब यह 10000 करोड़ से अधिक है, जो कि 4 गुना वृद्धि है। पूर्वोत्तर के सभी हिस्सों को जल्द ही ब्रॉड-गेज नेटवर्क के माध्यम से जोड़ा जाएगा। उसी पर 1 लाख करोड़ खर्च किए जा रहे हैं। वंदे भारत एक्सप्रेस दोपहर करीब 12 बजे गुवाहाटी से शुरू होकर शाम 6 बजे न्यू जलपाईगुड़ी पहुंचेगी। बुधवार से ट्रेन की नियमित सेवाएं शुरू हो जाएंगी। यह अपनी एक तरफा यात्रा में वंदे भारत एक्सप्रेस 5 घंटे 30 मिनट में 411 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। ट्रेन की संरचना 530 लोगों के बैठने की क्षमता के साथ आठ डिब्बों की होगी। इस मौके पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि नॉर्थ ईस्ट में अब वंदे भारत ट्रेन की सेवा मिलेगी। वर्ल्ड क्लास ट्रेन जिसे हम पहले विदेशों की वीडियो में देखा करते थे। वह अब हमारे देश में और आपकी सेवा में है। वहीं, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि यह हमारे लिए गौरव का क्षण है। यह वंदे भारत ट्रेन पहली बार पश्चिम बंगाल और असम को जोड़ेगी। इसके लिए प्रधानमंत्री और रेल मंत्री को धन्यवाद।

## पंजाब के कांग्रेस नेता केजरीवाल को नहीं देना चाहते समर्थन

### असंतोष के मद्देनजर कांग्रेस आलाकमान ने बुलाई अहम बैठक
### केजरीवाल के समर्थन का सवाल, पूरी कांग्रेस में बवाल; अब पंजाब में भड़क गए नेता

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली अध्यादेश मामले में समर्थन जुटा रहे हैं। वहीं इस मामले में कांग्रेस में ही गतिरोध शुरू हो गया है। अब पंजाब के कांग्रेस नेता केजरीवाल को समर्थन नहीं देने की मांग कर रहे हैं। असंतोष को देखते हुए कांग्रेस आलाकमान ने अहम बैठक बुलाई है। वहीं कांग्रेस नेतृत्व राजस्थान कांग्रेस में भी जारी उथल-पुथल पर आज यानी सोमवार को बड़ा फैसला ले सकता है। दरअसल, पंजाब इकाई ने कोई भी फैसला लेने से पहले शीर्ष नेतृत्व को राज्य के नेताओं से बात करने की अपील की थी। खबर है कि ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल को पंजाब कांग्रेस से इस मुद्दे पर रिपोर्ट मिली थी। इसके चलते प्रदेश अध्यक्ष राजा अमरिंदर सिंह वड़िंग, प्रताप सिंह बाजवा, सुखजिंदर सिंह रंधावा समेत कांग्रेस के कई बड़े नेताओं को दिल्ली तलब किया गया है। खास बात है कि अजय माकन और संदीप दीक्षित जैसे कांग्रेस के बड़े नेता भी केजरीवाल का समर्थन करने के विचार पर सवाल उठा चुके हैं। केजरीवाल को समर्थन न देने के मुद्दे पर नेता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात करेंगे। राहुल गांधी भी बैठक का हिस्सा हो सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पार्टी के एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि आप ने पार्टी को जमकर निशाना बनाया है। ये राज्य में पार्टी को खत्म करना चाहते हैं।



इसलिए मजबूत जनाधार वाले नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। पार्टी आलाकमान को अरविंद केजरीवाल से मिलने का समय नहीं देना चाहिए। यह पंजाब की राजनीति के लिए ठीक नहीं है। बाजवा भी कह चुके हैं कि आप के साथ एकता दिखाना ठीक नहीं है, क्योंकि केजरीवाल की पार्टी ने कांग्रेस विधायकों के खिलाफ पंजाब में अभियान छेड़ रखा है। कांग्रेस हाईकमान से अपील की गई है कि पंजाब, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड, गुजरात और कर्नाटक इकाइयों से बात करने के बाद ही केजरीवाल का समर्थन करने पर फैसला लिया जाए। केजरीवाल ने शुक्रवार को ही खड़गे और राहुल से समर्थन की मांग की है। हालांकि, कांग्रेस भी आप प्रमुख के साथ सख्ती बरतने के मूड में है। पार्टी नेताओं ने साफ कर दिया है कि समर्थन की मांग से पहले आप को पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह, दिवंगत शीला दीक्षित समेत कई नेताओं से माफी की मांग की थी। सोमवार को खड़गे दिल्ली में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट से अलग-अलग मुलाकात करेंगे। दरअसल, भ्रष्टाचार के मुद्दे पर पायलट ने गहलोत सरकार से एक्शन लेने की मांग की है। ऐसा नहीं करने पर उन्होंने प्रदेश स्तर पर आंदोलन की चेतावनी दी है। बढ़ते विवाद के बीच अटकलें लगने लगी थीं कि पायलट कांग्रेस का साथ छोड़ सकते हैं।

red rose news:Layout 1 6/11/2023 12:32 AM Page 2



# सम्पादकीय

## सेवा, सुशासन और विकास को समर्पित मोदी सरकार

**भारतीय** राजनीति में सबका साथ सबका विकास का नारा देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारतीय राजनीति में अपनी विशेष पहचान बनाने में सफल रहे हैं। पार्टी की मजबूती की बात करें, तो नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर खड़ा करने में अद्भुत परिश्रम किया है। पूरे देश में सभी स्तर के चुनावों का संचालन करने में नरेंद्र मोदी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने भाजपा के पितृ पुरुषों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए पार्टी का विस्तार किया तथा इसका जनाधार बढ़ाया। भारतीय जनता पार्टी आज देश में प्रथम स्थान की पार्टी है। साथ ही यह विश्व में सबसे अधिक सदस्यता वाली राजनीतिक पार्टी के रूप में जानी जाती है। मोदी सरकार ने अपने 9 साल के कार्यकाल में गौरवशाली भारत से आधुनिक भारत तक की यात्रा को मजबूती प्रदान की है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 1984 में भाजपा के लोकसभा में केवल दो ही सदस्य थे। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 282 सीटों पर विजय प्राप्त की थी। इस चुनाव की विशेषता यह थी कि तीन दशक के पश्चात किसी पार्टी को पूर्ण बहुमत प्राप्त हुआ था। इसके पश्चात वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 303 सीटों पर विजय प्राप्त की, जो किसी पार्टी द्वारा जीती गईं सर्वाधिक सीटें थीं। नरेन्द्र मोदी जब प्रथम बार प्रधानमंत्री बने थे, तब देश के केवल सात राज्यों में भाजपा की सरकार थी। गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं गोवा में भाजपा के मुख्यमंत्री थे, जबकि पंजाब में शिरोमणि अकाली दल एवं आंध्र प्रदेश में टीडीपी के साथ भाजपा सत्ता में भागीदार थी। वर्ष 2018 में भाजपा अपने शीर्ष पर थी। उस समय 21 राज्यों में भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियां सत्ता में थीं। इससे यह बात सिद्ध होती है कि मोदी जी के विराट एवं प्रभावशाली व्यक्तित्व एवं कुशलता के कारण ही आज भाजपा सत्ता के केंद्र में बनी हुई है। वास्तव में राज्यों में भाजपा को सत्ता में लाने में भी मोदी जी ने अथक परिश्रम किया है।

यह बात भी उल्लेख करने के योग्य है कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के पश्चात देश में विपक्ष नाम की वस्तु भी प्रायः लुप्त हो गई। देश में सबसे अधिक समय तक शासन करने वाली कांग्रेस भी सिकुड़ती गई। देश ही नहीं, अपितु उन सभी राज्यों की यही स्थिति है जहां भाजपा सत्ता में है। कोई भी पार्टी भाजपा के समक्ष खड़ा होने में सक्षम प्रतीत नहीं हो रही है। मोदी जी के सुशासन एवं कौशल्य के समक्ष सभी पार्टियां धराशायी हुई पड़ी हैं। विपक्ष के पास ऐसा कोई मुद्दा नहीं है, जिससे वह सत्ताधारी पार्टी को घेर सके। वामपंथी पार्टियां भी लुप्त सी हो चुकी हैं।

नरेन्द्र मोदी देश के ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने बिना किसी भय के ऐतिहासिक निर्णय लेकर सबको चकित कर दिया। यह उनके निर्भीक व्यक्तित्व का ही प्रमाण है कि उनकी सरकार ने अनुच्छेद-370 और अनुच्छेद-35अ को निरस्त कर दिया। इसके कारण जम्मू और कश्मीर का देश के शेष भागों के साथ पूर्ण एकीकरण हो गया। लगभग 70 वर्षों तक इस अस्थायी अनुच्छेद ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों को उनके मूलभूत अधिकारों से वंचित कर दिया था। ये दोनों अनुच्छेद क्षेत्र के विकास में बड़ी बाधा थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा था कि अनुच्छेद-370 ने जम्मू-कश्मीर को दशकों तक केवल आतंकवाद, अलगाववाद, भ्रष्टाचार और परिवारवाद दिया। यह अनुच्छेद हटने के पश्चात पूर्ण विश्वास है कि केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर और लद्दाख विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में राम मंदिर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने अयोध्या में राम जन्मभूमि पर राममंदिर का शिलान्यास किया था। राममंदिर के निर्माण के लिए भूमि पूजन के पश्चात यह प्रथम अवसर था, जब मोदी जी अयोध्या आए थे। उन्होंने राममंदिर के निर्माण कार्यों में विशेष रुचि ली तथा कार्यों का निरीक्षण भी किया। वह कार्य की प्रगति की समय- समय पर जानकारी लेते रहे। उल्लेखनीय है कि नरेंद्र मोदी ने लालकृष्ण आडवाणी द्वारा प्रारम्भ की गई रथयात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने गुजरात में रथ यात्रा का नेतृत्व किया था। उन्होंने राम जन्मभूमि आन्दोलन के समय गांव-गांव घूमकर आन्दोलन के लिए समर्थन जुटाया था। उन्होंने हस्ताक्षर अभियान में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके प्रयासों के कारण ही अयोध्या में राममन्दिर निर्माण का कार्य प्रारम्भ हो सका।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व की ऐतिहासिक धरोहरों के सौन्दर्यीकरण का संकल्प लिया है। इस कड़ी में उन्होंने भगवान शंकर की नगरी काशी को भव्यता प्रदान करने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कहना है कि काशी के बाबा विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं का स्वागत इस प्रकार हो कि वे बार-बार यहां आने के लिए उत्साहित हों तथा वे अन्य लोगों को भी प्रोत्साहित करें। उन्होंने काशी में बाबा विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर की नींव रखकर इसका कार्य प्रारंभ करवाया। वे देशभर के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व वाले स्थलों का जीर्णोद्धार करवा रहे हैं तथा इसके साथ ही धार्मिक स्थलों के विकास एवं सौन्दर्यीकरण पर विशेष ध्यान दे रहे है। केदारनाथ का पुनर्निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। बद्रीनाथ में भी नए मास्टर प्लान के अंतर्गत कार्य चल रहा है। ये धार्मिक स्थल हमारे देश की गौरवशाली संस्कृति के प्रतीक हैं। ये भविष्य में हमारी संस्कृति को जीवित रखने का माध्यम हैं, ये संस्कृति के संवाहक भी हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के अंतिम व्यक्ति तक के जीवन को सुखी एवं समृद्ध देखने के अभिलाषी हैं। इसके लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं। उनके शासन में देश ने प्रायः सभी क्षेत्रों में उन्नति की है। कृषि, उद्योग, रोजगार, आवास, परिवहन, विद्युत, पेयजल, शिक्षा, चिकित्सा, विज्ञान, सुरक्षा व्यवस्था, धर्म, संस्कृति एवं पर्यावरण आदि क्षेत्रों में मोदी सरकार ने सराहनीय एवं प्रशंसनीय कार्य किए हैं। छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। वृद्धजन, विधवा एवं दिव्यांगजन को पेंशन के रूप में आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। सरकार द्वारा अनाथ बच्चों के भरण-पोषण की भी व्यवस्था की गई है। जिन परिवारों में कोई कमाने वाला व्यक्ति नहीं है, सरकार उन्हें भी वित्तीय सहायता उपलब्ध करवा रही है। निर्धन परिवार की लड़कियों एवं दिव्यांगजन के विवाह लिए अनुदान प्रदान किया जा रहा है। निराश्रित गौवंश के संरक्षण पर भी सरकार विशेष ध्यान दे रही है। सरकार प्रदूषण नियंत्रण के क्षेत्र में भी कार्य कर रही है, ताकि लोगों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। भयावह कोविड महामारी के समय देश के लगभग 80 करोड़ लोगों को राशन उपलब्ध करवाना, पीड़ितों को चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाना तथा सभी देशवासियों को कोविड से सुरक्षित रखने के लिए टीकाकरण अभियान चलाना आदि ऐसे कार्य हैं, जो मोदी सरकार की सफलता को दर्शाते हैं।

भाजपा द्वारा मोदी सरकार की उपलब्धियों से जनता को परिचित करवाने के लिए 30 मई से 30 जून तक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पार्टी ने कार्यकताओं से अपील की है कि वे इसमें बढ़ चढ़कर भाग लें।

इस बात में कोई दो मत नहीं है कि नरेन्द्र मोदी के शासन काल में भारतीय संस्कृति को उसका खोया हुआ गौरव वापस मिल रहा है। अपने 9 साल के कार्यकाल में मोदी सरकार ने विश्व में देश का नाम बढ़ाया है। देश ही नहीं, अपितु वैश्विक स्तर पर मोदी जी के कार्यों की सराहना हो रही है।

## तिहाड़ जेल में कैदियों के बीच फिर गैंगवार

### गंभीर रूप से घायल 2 कैदी अस्पताल में भर्ती




**नई दिल्ली।** दिल्ली की हाईप्रोफाइल और सुरक्षित मानी जाने वाली तिहाड़ जेल के भीतर एक बार फिर कैदियों के बीच खूनी झड़प की खबर है. सूत्रों की मानें तो यहां कैदियों के दो गुटों में गैंगवार हुआ है. इस हमले में दो कैदी गंभीर रूप से घायल हुए हैं. जेल के भीतर हुए इस टकराव के बाद जेल परिसर में भारी पुलिस फोर्स पहुंच गया है. आला अधिकारियों ने पहुंचकर हालात को काबू में किया और घायलों को फौरन डीडीयू अस्पताल में भर्ती कराया गया है. बताया गया है कि दोनों ही गुट के कैदी संगीन मामलों में विचाराधीन हैं. तिहाड जेल में इन गुटों के कैदियों में टकराव था और सोमवार को यह आमने सामने आते ही संघर्ष में बदल गया. दोनों अलग-अलग गैंग से जुड़े हुए हैं. कैदियों ने तिहाड़ जेल के अंदर बनाए गए नुकीले सुए से एक दूसरे पर हमला किया गया. इस घटना के बाद जेल के भीतर हड़कंप मच गया.

**2 मई को हुई थी गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया की हत्या -** केंद्रीय कारागार तिहाड़ की जेल नंबर 1 में बदमाशों के बीच सोमवार को हुई इस झड़प के बाद तिहाड़ जेल प्रशासन और वहां की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल उठ रहे हैं. इससे पहले 2 मई को लॉरेंस बिश्नोई के गुर्गों ने गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया की तिहाड़ जेल के अंदर ही निर्मम हत्या कर दी थी. यह वारदात सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई थी. गोगी गैंग के गुर्गों पर टिल्लू ताजपुरिया की हत्या का आरोप लगाया गया था.

## दिल्ली हाईकोर्ट ने यासिन मलिक को भेजा नोटिस, एनआईए ने की मृत्युदण्ड की मांग



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने जम्मू एंड कश्मीर लिब्रेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) प्रमुख यासिन मलिक को एक नोटिस भेजा है। हाई कोर्ट ने यह नोटिस एनआईए की एक याचिका के संबंध में भेजा है जिसमें आतंक के लिए धन मुहैया कराने के एक मामले में उसे मृत्युदंड देने की मांग की गई है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के लिए अपील करते हुए, भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने तर्क दिया कि यह दुर्लभतम मामला था। विस्तृत आदेश की प्रति की प्रतीक्षा है। उच्च न्यायालय ने यासिन की मौत की सजा पर विधि आयोग की सिफारिशें भी मांगी हैं। गौरतलब है कि एक विशेष एनआईए अदालत ने मई 2022 में मलिक को आतंक के लिए धन मुहैया कराने के 2017 के एक मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई थी। विशेष न्यायाधीश प्रवीण सिंह ने गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत सजा सुनाई थी जो जीवनपर्यंत चलेगी। मलिक को पिछले साल पटियाला हाउस कोर्ट में कड़ी सुरक्षा के बीच टेरर फंडिंग मामले में सजा सुनाई गई थी। उसी समय निचली अदालत में सुनवाई के दौरान मलिक ने कहा था, मैं किसी भी चीज की भीख नहीं मांगूंगा। मामला इस अदालत के समक्ष है और मैं इसका फैसला अदालत पर छोड़ता हूं। उसने अदालत को बताया था, अगर मैं 28 साल में किसी आतंकवादी गतिविधि या हिंसा में शामिल रहा हूं, अगर भारतीय खुफिया तंत्र इसे साबित करता है, तो मैं भी राजनीति से संन्यास ले लूंगा। मैं फांसी स्वीकार कर लूंगा, क्योंकि सात प्रधानमंत्रियों के साथ मैंने काम किया है। एनआईए ने सुनवाई के दौरान अदालत को बताया था कि कश्मीरी पंडितों के घाटी से पलायन के लिए आरोपी जिम्मेदार है। जांच एजेंसी ने मलिक के लिए मौत की सजा का भी तर्क दिया था। दूसरी ओर न्यायमित्र ने मामले में न्यूनतम सजा के तौर पर आजीवन कारावास की मांग की थी। मलिक ने पहले इस मामले में अपना गुनाह कबूल कर लिया था।

## आईटी सेल पर लगाया पहलवानों की फोटोशॉप्ड तस्वीर साझा करने का आरोप


**नई दिल्ली।** आईटी सेल द्वारा एक फोटोशॉप्ड तस्वीर साझा करने का पहलवानों ने आरोप लगाया है। प्रदर्शनकारी पहलवानों को हिरासत में लेने पर दिल्ली पुलिस की कड़ी आलोचनाओं के बीच टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग पुनिया ने रविवार को हिरासत में लिए गए पहलवानों की एक फोटोशॉप्ड तस्वीर साझा की, जिसमें दावा किया गया कि इसे आईटी सेल प्रचारित कर रहा है। कथित रूप से छेड़छाड़ की गई तस्वीर में एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता विनेश फोगाट और उनकी बहन संगीता फोगाट को पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद मुस्कुराते हुए दिखाया गया है। बजरंग ने रविवार को एक ट्वीट में कहा कि आईटी सेल के लोग इस फोटोशॉप तस्वीर को फैला रहे हैं। हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि इस फर्जी तस्वीर को पोस्ट करने वाले सभी लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई जाएगा। उनके पोस्ट को विनेश और अन्य प्रदर्शनकारी पहलवानों ने रीट्वीट किया। बजरंग




और विनेश साथी ओलंपियन साक्षी मलिक के साथ 23 अप्रैल से ही जंतर-मंतर पर धरना दे रहे थे। इन्होंने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के बृज भूषण शरण सिंह पर एक नाबालिग सहित सात महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है और उनकी गिरफ्तारी की मांग कर रहे है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर दो मामले दर्ज किए गए। एक मामला पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज होने के एक माह बाद भी भाजपा सांसद बृज भूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी न होने पर लोग हैरान हैं।

## गरीब परिवार के बच्चे भी बन सकते है सैन्य अधिकारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की शिक्षा मंत्री आतिशी झरोदा कलां स्थित शहीद भगत सिंह आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी स्कूल के स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस स्कूल के माध्यम से दिल्ली के गरीब से गरीब परिवार के बच्चों को सेना में अधिकारी बनने के सपनों को उड़ान मिल रही है। उन्होंने कहा इस स्कूल में पढ़ रहे बच्चों का अनुशासन और देशभक्ति का जज्बा बेमिसाल है। इनका अनुशासन अभी से इनमें भविष्य के सैन्य अधिकारियों की झलक दिखा रहा है। उन्होंने कहा कि इस स्कूल के जरिये हमने गरीब से गरीब परिवार के बच्चों को ये आत्मविश्वास दिया है कि वो मेहनत कर सैन्य अधिकारी बन सकते है। इस मौके पर उन्होंने छात्रों से कहा कि देश आपको इतना शानदार हॉस्टल कैंपस शिक्षा तैयारी दे रहा है तो आपका फर्ज भी है कि कड़ी मेहनत करते हुए इस देश की सेवा करें और पूरे देश को गौरवान्वित करें। वहीं छात्रों ने कहा कि स्कूल में मिल रही सुविधाओं से उनके अंदर ऑफिसर्स जैसी क्वालिटी विकसित हो रही है। ये सभी सुविधाएं कैडेट से सैन्य अफसर बनने के सफर में उनके लिए काफी मददगार साबित होंगी। आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी स्कूल के पहले बैच में पढ़ रहे बच्चों में गजब का आत्मविश्वास दिखा। शिक्षा मंत्री के पूछने पर सभी ने एक स्वर



में कहा कि वे सभी सेना में भर्ती होकर भारत मां की सेवा करना चाहते है। बता दें कि शहीद भगत सिंह आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी स्कूल पूरी तरह से निःशुल्क शिक्षा प्रदान करता है साथ में यहां आवासीय सुविधा भी मौजूद है। बच्चों में ऑफिसर जैसी क्वालिटी विकसित की जाती है और एनडीए समेत दूसरी आर्म्ड सर्विसेज के लिए बच्चों को तैयार किया जाता है। वर्तमान में यहां कक्षा 10वीं में 80 बच्चे व कक्षा 12वीं में 77 बच्चों का नामांकन हुआ है। साथ ही सत्र 2023-24 में कक्षा 9वीं के लिए दाखिला प्रक्रिया जारी है।

red rose news:Layout 1 6/11/2023 12:32 AM Page 3



# दिल्ली में आलाकमान के साथ मप्र कांग्रेस के नेताओं ने बनाई चुनाव की रणनीति, राहुल गांधी का दावा

**मप्र में 150 सीटें जीतेगी कांग्रेस**

**भोपाल।** कर्नाटक में जीत के बाद कांग्रेस मप्र विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। इसी कड़ी में सोमवार को दिल्ली कांग्रेस मुख्यालय में मप्र कांग्रेस की बड़ी बैठक हुई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष मालिककार्जुन खडगे, पूर्व सांसद राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल के साथ मप्र के नेताओं की चर्चा हुई। आलाकमान ने सबसे पहले प्रदेश के सभी नेताओं को एकजुटता का संदेश दिया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि मप्र विधानसभा चुनाव में पार्टी 150 सीटें जीतेगी। बैठक में विधानसभा चुनाव को मंथन के बाद नेताओं को निर्देश दिए गए। एकजुट होकर चुनाव लडऩे के आलाकमान के निर्देश के बाद कर्नाटक राज्य की तर्ज पर मप्र में भी भ्रष्टाचार के मुद्दे पर चुनाव लडऩे पर सहमति बनी है। राहुल गांधी ने कहा कि कर्नाटक की तरह हम मप्र भी जीतने जा रहे हैं। हमारा आंतरिक आकलन है कि हमें कर्नाटक में 136 सीटें मिली हैं, तो मप्र में 150 सीटें मिलने वाली हैं। कर्नाटक में जो किया, उसे हम रिपीट करने जा रहे हैं। वर्तमान में भाजपा के 127 विधायक, कांग्रेस के 96 विधायक, 4 निर्दलीय विधायक, दो बसपा के और एक समाजवदी पार्टी का विधायक है। 230 विधानसभा सीटों वाली इस विधानसभा में बहुमत के लिए 116 विधायक होना जरूरी है।

**कमलनाथ बोले हमारी पूरी तैयारी** – पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि चुनाव में कैसी रणनीति बनाई जाए, मप्र का भविष्य कैसे सुरक्षित रखा जाए, इस पर बैठक में चर्चा हुई। कमलनाथ ने राहुल के दावे पर कहा कि हम उनकी बात से सहमत हैं। उनके पास इनपुट है। हमने शुरूआत कर दी है। हमारी नारी सम्मान योजना है। किसानों के लिए योजना है।

गैस सिलेंडर की बात है। कुछ अभी कर रहे हैं, कुछ आने वाले समय में करेंगे। सब गोलियां हम साथ थोड़े ही न चलाएंगे। चुनावों में चार-साढ़े चार महीने बचे हैं। चुनावों के लिए कैसी रणनीति बनाई जाए? मध्य प्रदेश का भविष्य कैसे सुरक्षित रखा जाए? इस पर चर्चा हुई। यह प्रश्न केवल कांग्रेस का नहीं है बल्कि पूरे मध्य प्रदेश के भविष्य का सवाल है। कैसा मध्य प्रदेश हम चाहते हैं? क्या-क्या मुद्दे हमारे होंगे? किस आधार पर हम चुनाव लड़ेंगे? इन पर भी चर्चा हुई। हम सब एकता के साथ चुनाव मैदान में उतरेंगे। चुनावी रणनीति की चर्चा में मप्र कांग्रेस के अध्यक्ष कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह, अजय सिंह, अरुण यादव, विवेक तन्खा, कांतिलाल भूरिया सहित वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इस बैठक में मप्र के 16 नेताओं को बुलाया गया था।



**वचनपत्र का किया गया प्रजेंटेशन** – बैठक में मप्र विधानसभा चुनाव के वचन पत्र को भी आलाकमान के सामने रखा गया। इसमें मुख्य रूप से नारी सम्मान योजना, 500 रुपए में गैस सिलेंडर, ओल्ड पेंशन स्कीम की बहाली, ओबीसी आरक्षण जैसे बड़े मुद्दे शामिल किए गए हैं। वचन पत्र में कांग्रेस ने कई आकर्षक वादे भी शामिल किए हैं। सूत्रों की मानें तो कांग्रेस आलाकमान ने मप्र कांग्रेस कमेटी से मप्र के अलग-अलग क्षेत्रों के स्थानीय बड़े मुद्दों की जानकारी मांगी है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों से ज्यादा लोकल इश्यू को प्राथमिकता से उठाया। मंत्रियों के भ्रष्टाचार, विधायकों द्वारा की गई बड़ी गड़बडियों की जानकारी भी केंद्रीय कार्यालय को दी जाने की खबर है।

**अन्य राज्यों के नेताओं की मदद ले रही कांग्रेस** – मप्र की सत्ता में वापसी के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही कांग्रेस अब रणनीति बनाने के लिए प्रदेश के साथ अन्य राज्यों के नेताओं की मदद भी ले रही है। पार्टी ने तय किया है कि हर विधानसभा और जिले की जरूरत, जनता की मांग और मुद्दों के अनुसार वचन पत्र तैयार किया जाएगा। साथ ही भाजपा के स्थानीय नेताओं को घेरने के लिए किलाबंदी की जाएगी। जहां जिस नेता की डिमांड होगी उसे भेजा जाएगा।

**12 जून को प्रियंका गांधी का जबलपुर दौरा** – कांग्रेस मुख्यालय में होने वाली बैठक में मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा हुई। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं के मप्र दौरों और जनसभाओं, रैलियों को लेकर भी प्लान पर चर्चा की गई। 12 जून को प्रियंका गांधी का जबलपुर में दौरा प्रस्तावित है। सूत्रों की मानें तो क्षेत्रवार समीकरणों के हिसाब से नेताओं के दौरे, रैलियां और जनसभाएं होंगी।

**शिवराज का पलटवार- हम 200 पार जाएंगे** – राहुल गांधी और कमलनाथ के दावे पर भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पलटवार करते हुए कहा, मन को बहलाने को बाबा ख्याल अच्छा है। प्रदेश में भाजपा 200 से अधिक सीटें जीतेगी। उन्हें ख्याली पुलाव पकाने हैं तो पकाते रहे। वहीं, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि मुंगेरीलाल के हसीन सपने देखने में किसी का कुछ जाता नहीं है। राहुल गांधी कांग्रेस की चिंता करें। विधानसभा चुनाव में हम 200 पार के नारे को साकार करेंगे। बंटाधार सरकार और कमलनाथ सरकार ने गरीबों के हक को छीना था। 2023 के चुनाव में भाजपा इतिहास बनाएगी।

## नए संसद भवन की झलक पाने को बेताब दिखे लोग

**नई दिल्ली।** देश ही नहीं विदेशी पर्यटक भी इसकी सुंदरता को निहारने के लिए पहुंच रहे थे। हर कोई इसकी एक झलक पाने के लिए बेताब दिखा। सप्ताहांत होने की वजह से दोपहर से ही यहां लोगों का हुजूम पहुंचने लगा था। जैसे-जैसे दिन ढल रहा था वैसे ही लोगों की संख्या बढ़ती जा रही थी। शाम को यहां का माहौल देखने लायक था। उद्घाटन के बाद काफी संख्या में लोग नए संसद भवन को देखने पहुंचे। देश ही नहीं विदेशी पर्यटक भी इसकी सुंदरता को निहारने के लिए पहुंच रहे थे। हर कोई इसकी एक झलक पाने के लिए बेताब दिखा। सप्ताहांत होने की वजह से दोपहर से ही यहां लोगों का हुजूम पहुंचने लगा था। जैसे-जैसे दिन ढल रहा था वैसे ही लोगों की संख्या बढ़ती जा रही थी। शाम को यहां का माहौल देखने लायक था। संसद भवन को देखने पहुंच रहे लोगों में गर्व की अनुभूति को देखी गई।



कोई दोस्तों के साथ तो कोई अपने बच्चों व परिवार के साथ यहां पहुंच रहा था। बच्चों युवाओं से लेकर बुजुर्गों में उत्साह देखते ही बन रहा था। लोग इस पल को अपनी आंखों व मोबाइल फोन में सेल्फी के जरिये कैद करते नजर आए। शाम को रंग-बिरंगी रोशनी से नहाये नए संसद भवन का मनोरम दृश्य हर किसी को अपनी ओर आकर्षित कर रहा था।

## महीने भर में सुधरेंगे दिल्ली की सभी सब-वे के हालत

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार इस वित्तीय वर्ष में राजधानी के इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार प्रयासरत है। जहां एक तरफ फ्लाईओवर का विस्तारीकरण और नए फ्लाईओवर का निर्माण किया जा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ अब सब-वे के भी जीर्णोद्धार किए जाएंगे। पीडब्ल्यूडी के तहत आने वाले सभी सब-वे को एक महीने के भीतर संवारा जाएगा। सभी सब-वे की अच्छी तरह से सफाई की जाएगी टूट-फूट की मरम्मत के बाद सब-वे में बेहतर रोशनी की व्यवस्था की जाएगी साथ ही उन्हें सीसीटीवी कैमरों से भी लैस किया जाएगा और सिक्योरिटी गार्ड भी तैनात किए जाएंगे। पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि एक महीने में पूरे अभियान के तौर पर काम किया जाए। शुक्रवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में मंत्री ने कहा कि एक जुलाई को वो खुद सब-वे का निरीक्षण करेंगी। अगर लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई होगी। दरअसल पिछले दिनों पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने पंजाबी बाग क्रॉसिंग स्थित सब-वे का निरीक्षण किया





था। वहां चारों तरफ गंदगी फैली थी। सब-वे में जगह-जगह टूट-फूट थी लाइट नहीं थी सीसीटीवी कैमरा भी नहीं था।

जिस पर उन्होंने सब-वे के रखरखाव के लिए जिम्मेदार पीडब्ल्यूडी के एग्जिक्यूटिव इंजीनियर्स की बैठक बुलाई और सब-वे की बदहाल स्थिति को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए जून के अंत तक सभी सब-वे की स्थिति में सुधार करने के आदेश जारी किए। उनसे स्पष्ट किया गया है कि कार्य में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी सब-वे साफ होने चाहिए। उन पर प्रकाश के साथ निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा कर्मी की तैनाती होनी चाहिए। अगर निर्धारित अवधि में काम पूरा नहीं होता है तो फिर कार्रवाई होगी।

## पुलिस ने 700 लोगों को हिरासत में लिया देर रात छोड़ा गया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने नए संसद भवन के सामने पहलवानों के समर्थन में महिला महापंचायत में भाग लेने जा रहे 700 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया। सभी को अलग-अलग जगहों से हिरासत में लिया गया था। जंतर-मंतर से प्रदर्शनकारी पहलवानों समेत 109 लोगों को हिरासत में लिया गया। पहलवानों समेत सभी को दिल्ली के अलग-अलग थानों में रखा गया था। महिला प्रदर्शनकारियों को देर शाम और पुरुष पहलवानों समेत हिरासत में लिए लोगों को देर रात छोड़ दिया गया। दिल्ली पुलिस के अधिकारी इस मामले में पूरी तरह चुप्पी साधे रहे। दिल्ली पुलिस की तरफ से रविवार शाम तक कोई बयान जारी नहीं किया गया था। दिल्ली पुलिस सूत्रों के अनुसार हिरासत में लिए गए लोगों को 12 पुलिस स्टेशन फतेहपुरबेरी वसंतकुंज पालम वसंत विहार संसद मार्ग बुराडी मयूर विहार व कालकाजी में रखा गया। पहलवान बजरंग पूनिया को मयूर विहार संगीता फोगाट व विनेश को कालकाजी पुलिस स्टेशन और साक्षी मलिक को बुराडी पुलिस स्टेशन में रखा गया। सभी को दिन भर हिरासत में रखा गया। पुलिस सूत्रों का कहना है कि प्रदर्शनकारी पहलवानों पर देर रात तक खुफिया नजर रखी हुई थी कि वह फिर से जंतर-मंतर न पहुंच जाएं।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि साक्षी मलिक ने कुछ पहलवानों को उठाकर गिरा दिया था। हालांकि देर रात साक्षी मलिक ट्वीट कर सफाई दी कि उसने किसी को नहीं गिराया। वरिष्ठ पुलिस सूत्रों का कहना है कि कानून-व्यवस्था की स्थिति को खराब करने को लेकर दिल्ली पुलिस जल्द ही एफआईआर दर्ज कर सकती है।

## बिल्डर के दिवालिया होने पर भी होगी रजिस्ट्री

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार जल्द ही दिवालिया कानून में संशोधन करने जा रही है। पिछले वर्षों में रियल स्टेट के रेजिडेंशियल और कामर्शियल प्रोजेक्ट के बिल्डरों ने, अपने आपको दिवालिया घोषित कर दिया है। जिसके कारण लाखों निवेशक परेशान होकर घूम रहे हैं। बैंकों द्वारा भी रेजिडेंशियल और कमर्शियल लोन व्यक्तिगत स्तर पर दिया जाता है। दिवालिया होने की दशा में इनकी रजिस्ट्री रुक जाती है। उन्हें फ्लेट और स्पेस भी नहीं मिलता है। ब्याज उल्टा भरने पड़ता है। बैंकों का पैसा भी फस जाता है। वहीं निवेशक को भी भारी नुकसान उठाना पड़ता है। जिस फ्लैट के लिए उन्होंने कर्ज लिया था। वह भी नहीं मिला, जहां रहते हैं,वहां का किराया देना पड़ता है।



जिससे लोगों में गुस्सा बढ़ रहा था। इस स्थिति को देखते हुए केंद्र सरकार जल्द ही नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल और रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी को कुछ अधिकार देने पर विचार कर रही है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिवालिया प्रोजेक्ट में जिन निवेशकों का पैसा लगा है। जिन्होंने रेजिडेंशियल एवं कमर्शियल प्रॉपर्टी में निवेश किया है। उनकी रजिस्ट्री के अधिकार संबंधित अथॉरिटी को दिए जाएं। होम बायर्स इन सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड के तहत वित्तीय लेनदार भी है। ऐसे में अगर कोई बिल्डर दिवालिया हो जाता है। तो उसमें होमबायर्स का भी हिस्सा होता है। ऐसे मामलों में उनकी रजिस्ट्री करने के अधिकार दिए जाने पर केंद्र सरकार विचार कर रही है। ताकि बैंकों और छोटे निवेशकों को नुकसान से बचाया जा सके। वहीं रजिस्ट्री शुरू हो जाने से राज्य सरकार को राजस्व का नुकसान नहीं होगा।

red rose news:Layout 1 6/11/2023 12:32 AM Page 4



# गुजरात टाइटंस ने चेन्नई सुपर किंग्स को 215 रन का टारगेट दिया, साई सुदर्शन शतक से चूके

खेल संवाददाता



**अहमदाबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग के फाइनल में गुजरात टाइटंस ने चेन्नई सुपर किंग्स को 215 रन का टारगेट दिया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी गुजरात ने 20 ओवर में 3 विकेट पर 214 रन बनाए। साई सुदर्शन शतक से चूक गए, वह 47 बॉल में 96 रन बनाकर आउट हुए। गुजरात से ऋद्धिमान साहा ने 54, शुभमन गिल ने 39 और हार्दिक पंड्या ने 21 रन बनाए। नंबर-3 पर उतरे साई सुदर्शन ने 47 बॉल पर 96 रन विस्फोटक पारी खेली। आखिरी में राशिद खान खाता खोले बगैर आउट हो गए। चेन्नई के गेंजबाजों को 19 ओवर तक 2 ही विकेट मिले। दीपक चाहर ने साहा और रवींद्र जडेजा ने गिल को पवेलियन भेजा। आखिरी ओवर में मथीश पथिराना ने 2 विकेट लिए। शुभमन गिल के बाद नंबर-3 पर बैटिंग करने उतरे साई सुदर्शन ने संभली हुई शुरूआत की। फिर 12वें ओवर के बाद स्पिनर्स को बड़े-बड़े शॉट्स लगाने शुरू कर दिए। उन्होंने 33 बॉल में अपनी फिफ्टी पूरी की। वह 20वें ओवर में 96 रन बनाकर आउट हुए। गुजरात के ऋद्धिमान साहा ने 36 बॉल में फिफ्टी बनाई। उन्होंने पावरप्ले ओवरों में ही बड़े-बड़े शॉट्स लगाने शुरू किए। उन्होंने पहले गिल के साथ 67 रन की पार्टनरशिप की, फिर साई सुदर्शन के साथ भी 64 रन की साझेदारी की। वे 39 बॉल में 54 रन बनाकर दीपक चाहर का शिकार हुए। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी गुजरात ने शुरूआती 2 ओवरों में धीमी शुरूआत की।

लेकिन तीसरे ओवर से ऋद्धिमान साहा और शुभमन गिल ने तेजी से रन बनाने शुरू कर दिए। दोनों ही प्लेयर्स को एक-एक जीवनदान भी मिला, जिसके बाद दोनों ने बड़े-बड़े शॉट्स लगाए और टीम का स्कोर 6 ओवर में 62 रन तक पहुंचा दिया। दीपक चाहर ने पावरप्ले में ऋद्धिमान साहा और शुभमन गिल दोनों के कैच छोड़े। दूसरे ओवर की चौथी बॉल तुषार देशपांडे ने लेग स्टंप पर गुड लेंथ फेंकी। गिल ने फ्लिक किया, बॉल स्क्वेयर लेग पर खड़े चाहर के पास गई। लेकिन चाहर के हाथ से बॉल छूट गई और वे कैच पूरा नहीं कर सके। इस तरह गिल को 3 रन के स्कोर पर जीवनदान मिला। चाहर ने फिर पांचवें ओवर में अपनी ही बॉलिंग पर साहा का कैच भी छोड़ दिया। पहली ही बॉल उन्होंने शॉर्ट पिच स्लोअर फेंकी। साहा ने सामने की ओर शॉट खेला, बॉल चाहर के पास आई, लेकिन वे फॉलो थ्रू में कैच नहीं कर सके।

# भारत की अंडर-14 टीम ने रोलर स्केट बास्केटबॉल में जीता स्वर्ण

खेल संवाददाता



**ग्रेटर नोएडा।** भारत की अंडर-14 टीम ने रोलर स्केट बास्केटबॉल में स्वर्ण पदक जीता है। इस चैंपियनशिप का आयोजन वर्ल्ड रोलर स्केट बास्केटबॉल फेडरेशन और नेपाल रोलर स्केट बास्केटबॉल फेडरेशन ने किया था। भारत की टीम ने नेपाल को 11-3 से हराकर जीत दर्ज की। इस टीम में यहां के दो खिलाड़ी भी शामिल थे। ग्रेटर नोएडा में रहने वाले दो बच्चों रिषिश सिंह और पुलकित परासर ने नेपाल की टीम को हराकर पदक जीता है। गत 19 से 21 मई तक नेपाल के काठमांडू में ट्राई सीरीज इंटरनेशनल चैंपियनशिप 2023 हुई थी। इस टूर्नामेंट में भारत ने स्वर्ण पदक जीते है। यह मैच अंडर 14 टूर्नामेंट था जिसमें रिषिश ने दो पॉइंट लिए थे। वहीं, पुलकित ने अपनी जीत का सारा श्रेय अपने माता पिता को देते हैं। वहीं अंडर 14 टीम इंडिया के कोच आकाश रावल बताते हैं कि इस चैंपियनशिप का आयोजन वर्ल्ड रोलर स्केट बास्केटबॉल फेडरेशन और नेपाल रोलर स्केट बास्केटबॉल फेडरेशन ने किया था। भारत की टीम ने नेपाल को 11-3 से हरा दिया था। इस टीम में उत्तर प्रदेश के अलावा गुजरात, महाराष्ट्र के भी खिलाड़ी शामिल थे।

# धोनी को अब संन्यास ले लेना चाहिये : कपिल

खेल संवाददाता



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव का मानना है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को आईपीएल से अब संन्यास ले लेना चाहिये। माना जा रहा है कि कपिल इस सत्र के बाद खेल को अलविदा कह देंगे। वहीं प्रशंसक चाहते हैं कि धोनी आगे भी खेलते रहें। इम्पैक्ट प्लेयर नियम आने से उनकी ये उम्मीद और भी बढ़ गयी है और उन्हें लग रहा है कि धोनी इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतर सकते हैं। वहीं कपिल का कहना है कि धोनी को संन्यास ले लेना चाहिए। उन्होंने कहा, वह 15 साल से आईपीएल खेल रहा है। ऐसा क्यों है कि हम अब भी धोनी के बारे में ही बात कर रहे हैं? उसने अपना काम कर दिया है। हम इससे ज्यादा उनसे क्या चाहते हैं? हम चाहते हैं कि वह पूरी जिंदगी भर खेले? ऐसा नहीं होने वाला है। इसकी जगह हमें धोनी का आभारी होना चाहिए कि वह 15 साल खेले हैं। उन्होंने आगे कहा, वह अगले साल खेलते हैं या नहीं पर उन्होंने जानें से पहले अपना प्रभावशाली खेल दिखाया है। भले ही उन्होंने इस सत्र में ज्यादा रन नहीं बनाये पर अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाया है। जिससे पता चलता है कि क्रिकेट में एक कप्तान का कितना महत्व होता है।

# नीरज , छेत्री सहित दिग्गज खिलाड़ियों ने पहलवानों के साथ किये क्रूर व्यवहार की कड़ी आलोचना की

**- तस्वीर से छेड़छाड़ करने वालों पर बरसी साक्षी, शर्मनाक बताया**

खेल संवाददाता

**नई दिल्ली।** पहलवानों के धरने को समाप्त के लिए, जिस प्रकार दिल्ली पुलिस ने बर्बरता की है उसकी ओलंपिक स्वर्ण विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा सहित कई दिग्गज खिलाड़ियों ने कड़ी आलोचना की है। कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ धरने पर बैठे पहलवाल जब रविवार का नये संसद भवन की ओर बढ़ने लगे तो पलिस ने उन्हें मारपीट कर हिरासत में ले लिया। इस दौरान दिल्ली पुलिस के क्रूर रवैये से लोग सकते में है। इसके बाद जंतर-मंतर पर खिलाड़ियों की ओर से लगाए गए टेंट को भी पुलिस ने उखाड़ दिया। वहीं इस मामले में सबसे शर्मनाक हरकत ये रही कि सोशल मीडिया पर हिरासत के दौरान महिला पहलवानों की तस्वीर से छेड़छाड़ कर उन्हें हंसते हुए दिखाया गया। इस पर ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि जो लोग ऐसा कर रहे हैं, उनमें जरा भी शर्म और इंसानियत नहीं है। भगवान ऐसे लोगों को कैसे बनाता है? परेशान लड़कियों के चेहरों के साथ कैसे छेड़खानी की जा सकती है।

मुझे नहीं लगता कि उनके पास भी दिल होता है। वे हमें बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। बृजभूषण सिंह पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगे हैं इसके बाद भी उसे गिरफ्तार नहीं किया जा रहा। साथ ही कहा कि हमारा प्रदर्शन आगे भी जारी रहेगा। कई पंचायतों ने खिलाड़ियों का समर्थन किया है। वहीं ओलंपिक स्वर्ण विजेता नीरज चोपड़ा ने भी पुलिस की कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि खिलाड़ियों से इस प्रकार के व्यवहार को देखकर मुझे दुख हो रहा है। इस मामले को बेहतर बेहतर तरीक से हल किया सकता था। वहीं भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने भी पुलिसिया कार्रवाई पर कड़ी आपत्ति जताते हुए लिखा कि हमारे पहलवानों को बिना किसी बात के मारे-पीटे ओर घसीटे जाने की क्या जरूरत थी। यह किसी के साथ व्यवहार करने का तरीका नहीं है। इस मामले में न्याय होना चाहिये। इसके अलावा वहीं पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान ने कहा है कि जिस प्रकार का व्यवहार खिलाड़ियों से हुआ उससे हम दुखी हैं। इस मामले में न्याय होना चाहिये।

# जूनियर एशिया कप हॉकी : थाईलैंड को हराकर भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंची



खेल संवाददाता

**सलालाह।** भारतीय टीम ने थाईलैंड को 17-0 से हराकर जूनियर पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। भारतीय टीम ने पूल ए के अपने अंतिम मैच में थाईलैंड पर बड़ी जीत दर्ज की। भारत ने अब तक इस टूर्नामेंट में चीनी ताइपे, जापान और थाईलैंड को हराया। वहीं पाकिस्तान से उसका मुकाबला 1-1 से बराबरी पर रहा। थाईलैंड के खिलाफ भारतीय टीम ने शुरू से आक्रामक रुख अपना। भारत की ओर से अंगद बीर सिंह ने चार गोल 13वें, 33वें, 47वें और 55वें मिनट में किए। अंगद के अलावा भारत की ओर से योगम्बर रावत 17वें, कप्तान उत्तम सिंह 24वें, 31वें, अमनदीप लाकड़ा 26वें, 29वें, अरिजीत सिंह हुंदल 36वें, विष्णुकांत सिंह 38वें, बॉबी सिंह धामी 45वें, शारदा नंद तिवारी 46वें, अमनदीप 47वें, रोहित 49वें, सुनीत लाकड़ा 54वें और राजिंदर सिंह 56वें ने भी गोल दागे। भारतीय टीम अंतिम क्वार्टर शुरू होने से पहले 10-0 से आगे थी। भारतीय टीम का सेमीफाइनल में किससे मुकाबला होगा ये पूल बी की टीमों मलेशिया और ओमान तथा पूल ए में पाकिस्तान और जापान के बीच होने वाले मैच के बाद ही पता चलेगा।

# डब्ल्यूटीसी के खिताबी मुकाबले में भारत के लिए अहम रहेंगे विराट और रोहित

खेल संवाददाता

**सिडनी।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर माइकल हसी के अनुसार अगले माह सात जून को होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के खिताबी मुकाबले में भारतीय टीम को अगर जीत दर्ज करनी है तो उसके कप्तान रोहित शर्मा के साथ ही अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को बड़ी पारी खेलनी होगी। हसी के अनुसार इस मैच में विराट के प्रदर्शन से काफी कुछ तय होगा पर अन्य भारतीय खिलाड़ियों को भी रन बनाने होंगे। हसी ने कहा, कोहली के अलावा किसी अन्य खिलाड़ी के बारे में सोचना कठिन है। उन्होंने कहा कि विराट ने प्रत्येक प्रारूप में शानदार फॉर्म में वापसी की है तथा उनका और रोहित का प्रदर्शन भारतीय टीम के लिए अहम रहेगा। विराट ने हाल ही में आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की ओर से शानदार प्रदर्शन कर अपने फार्म में होने के संकेत दिये हैं। वह आजकल इंग्लैंड में अभ्यास में लगे हैं। भारत ने आईपीएल से पहले ऑस्ट्रेलिया को घरेलू सीरीज में हराया था पर हसी का मानना है कि डब्ल्यूटीसी फाइनल पूरी तरह से अलग होता है, इसलिए इसमें ऑस्ट्रेलिया की भी जीत की उतनी ही संभावनाएं हैं। इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा, यह मैच इंग्लैंड में खेला जाएगा और वहां के अलग हालातों को देखते हुए इसमें ऑस्ट्रेलियाई टीम का पलड़ा भारी रहेगा। उन्होंने कहा कि इस मैच में तेज गेंदबाजों



की भूमिका अहम होगी। हसी ने कहा, ऑस्ट्रेलिया की ओर से पैट कमिंस और जोश हेजलवुड की भूमिका अहम रहेगी। उन्होंने कहा, भारतीय टीम के पास भी मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी जैसे तेज गेंदबाजों के अलावा गेंदबाज तथा रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन जैसे स्पिनर हैं। इसलिए यह मैच बेहद रोमांचक हो सकता है।

# रिंकू के पांच छक्के कोई नहीं भूलेगा : रैना

खेल संवाददाता

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज रिंकू सिंह की असाधारण बल्लेबाजी की जमकर प्रशंसा की है। रैना के अनुसार जिस प्रकार युवराज सिंह के छह छक्कों को अभी तक याद किया जाता है, वैसे ही रिंकू के पांच छक्के भी लोगों को याद रहेंगे। इस 16 वें सत्र में रिंकू ने अपनी आक्रामक पारियों के दम पर सभी का ध्यान खींचा है। रिंकू के बल पर ही केकेआर ने इस सत्र में विरोधी टीमों को टक्कर दी। उन्हें के पांच छक्कों की सहायता से केकेआर ने लीग मुकाबले में गजरात टाइटंस को हरा दिया था। रैना ने कहा, रिंकू के अंतिम ओवर में 5 छक्के लगाकर मैच जिता दिया, इसे कोई लंबे समय तक नहीं भूल पाएगा। जैसे युवराज के छह छक्के आज तक कोई नहीं भूला, वैसे ही रिंकू के पांच छक्के कोई नहीं भूलेगा। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए लीग मुकाबले में गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 204 रन बनाए थे। जवाब में कोलकाता ने आखिरी ओवर में रिंकू के छक्कों की सहायता से 3 विकेट से जीत दर्ज की।

# दीक्षा को बेल्जियन ओपन में छठा स्थान

खेल संवाददाता



**एंटवर्प।** भारतीय महिला गोल्फर दीक्षा डागर बेल्जियन ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से छठे स्थान पर रहीं हैं। दीक्षा ने यूरोपीय टूर पर अच्छा प्रदर्शन करते हुए सत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। दीक्षा ने 18वें होल में बोगी के बाद भी अंतिम दौर में पार का स्कोर किया। वहीं जर्मनी की पैट्रीशिया इसाबेल शिमिट को अंतिम दौर में छह अंडर 66 के स्कोर से दो शॉट की बढ़त के साथ ही खिताब मिला है। इस सत्र की कमजोर शुरूआत करने वाली दीक्षा ने अपनी पिछली चारों प्रतियोगिताओं में कट हासिल करते हुए अपने प्रदर्शन को बेहतर किया है। इस दौरान कट हासिल करने वाली एक अन्य भारतीय अमनदीप द्राल ने अंतिम दौर में एक अंडर 71 के स्कोर से संयुक्त 24वां स्थान हासिल किया।

red rose news:Layout 1 6/11/2023 12:32 AM Page 5



# ग्रांड चेरोकी के दोनों मॉडल्स में खामी का पता चला

## -कंपनी ने 90 हजार गाड़ियों को रिकॉल किया



**नई दिल्ली।** जीप कंपनी के सामने बड़ी मुश्किल खड़ी हो गई है। सबसे ज्यादा बिकने वाली कंपनी की एसयूवी ग्रांड चेरोकी के दोनों मॉडल्स में बड़ी खामी का पता चला है। जिसके बाद कंपनी ने 90 हजार गाड़ियों को रिकॉल किया है। इसके लिए कंपनी ने अपने कस्टमर्स से संपर्क करना शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार ग्रांड चेरोकी औरग्रांड चेरोकी एल के 2021 से 2023 के बीच मैन्युफैक्चर हुए मॉडल्स को रिकॉल किया गया है। इनमें ग्रांड चेरोकी के 2022 और 2023 में बने मॉडल्स और ग्रैंड चैरोकी एल के 2021 से 2023 के बीच बने मॉडल्स को रिकॉल किया गया है। ये रिकॉल यूएस में सेल हुई गाड़ियों के लिए है। जानकारी के अनुसार 89,372 यूनिट्स को कंपनी ने सही करने के लिए बुलाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कंपनी की ओर से समस्या का पूरी तरह से विवरण नहीं दिया गया है लेकिन ये जरूर बताया गया है कि कार के स्टीयरिंग कॉलम में तकनीकी समस्या देखने को मिली है, जिसके बाद कंपनी ने इन सभी गाड़ियों को रिकॉल करने का फैसला लिया है। गौरतलब है कि स्टीयरिंग कॉलम की समस्या के चलते स्टीयरिंग जाम हो सकता है जिससे हादसा भी हो सकता है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में जीप की इस गाड़ी की कीमतों में एक लाख रुपये का इजाफा किया गया था। इस गाड़ी की कीमत पहले 78.50 लाख रुपये एक्स शोरूम थी जिसे बढ़ा कर 79.50 लाख रुपये कर दिया गया था। इन दोनों ही कारों का सीधा मुकाबला ऑडी क्यू 7, मर्सिडीज बेंज जीएलई, रेंज रोवर वेलॉर से है। हाल ही में चैरोकी का नया मॉडल ऑटो एक्सपो केक दौरान इंडिया में लॉन्च भी किया गया था।

# कोकाकोला, पेप्सी और स्प्राइट को टक्कर देगा भारतीय ब्रांड बिसलेरी




**नई दिल्ली।** देश में बढ़ती गर्मी के कारण कोल्ड ड्रिंक्स की मांग बढ़ी है। लोगों की बढ़ती डिमांड को ध्यान में रखकर कंपनियां नए-नए फ्लेवर को बाजार में ला रही है। इस बीच, पैकेज्ड वाटर कंपनी बिसलेरी इंटरनेशनल ने भी बड़ी कोल्ड ड्रिंक ब्रांड्स जैसे कोकाकोला, (पेप्सी), स्प्राइट, को टक्कर देने की तैयारी शुरू कर दी है। कंपनी ने अपने पोर्टफोलियो में कार्बोनेटेड पेय पदार्थों को शामिल कर लिया है। इसकी जानकारी कंपनी ने दी। बता दें कि बिसलेरी ने तीन नए फ्लेवर में अपने ड्रिंक्स को बाजार में उतारा है। कंपनी के अनुसार, जो नए फ्लेवर में कोल्ड ड्रिंक को लांच किया है, उसमें रेव, पोपा और स्पाई जीरा सब ब्रांड शामिल हैं। इसके जरिए कंपनी लोगों को अपने नए फ्लेवर की कोल्ड ड्रिंक में फिज कोला, ऑरेंज, लेमन और जीरा कैटेगरी के टेस्ट प्रोवाइड करना चाहती है। बता दें कि बिसलेरी पैकेज्ड वाटर के साथ ही अपने लिमोनाटा ब्रांड के तहत कार्बोनेटेड ड्रिंक भी बेचती है। बीते साल टाटा ग्रुप बिसलेरी इंटरनेशनल को खरीदने वाला था। हालांकि, बाद में बिसलेरी के मालिक रमेश चौहान ने अपना उत्तराधिकारी न होने और बढ़ती उम्र में खराब स्वास्थ्य होने का कारण बताकर बिसलेरी को बेचने का मन बनाया था। इस कंपनी को खरीदने के लिए टाटा ग्रुप के अलावा और भी कई कंपनियों ने दिलचस्पी दिखाई थी। लेकिन टाटा कंज्यूमर के साथ ये डील लगभग पूरी हो गई थी। मगर लास्ट मोमेंट में दोनों कंपनियों के बीच वैल्यूएशन को लेकर बात बिगड़ गई और उसके बाद इस डील को तोड़ दिया गया। टाटा ग्रुप से डील टूटने के बाद बिसलेरी के के मालिक रमेश चौहान ने कंपनी का जिम्मा बेटी जयंती चौहान को दे दिया। इसके बाद कंपनी के कारोबार को बढ़ाने के लिए चौहान ने नई स्ट्रेटजी बनाई। बता दें कि बिसलेरी के कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक की 160 एमएल से 600 एमएल की बॉटल को ग्राहक खरीद सकते हैं। नए फ्लेवर की कोल्ड ड्रिंक के प्रमोशन के लिए कंपनी कई बड़े सेलीब्रेटीज और बड़े नामों को अपने साथ जोड़ा है।

# सरकार कोल इंडिया में तीन फीसदी तक हिस्सेदारी बेचेगी

**नई दिल्ली।** सरकार ने कोल इंडिया में तीन प्रतिशत तक हिस्सेदारी बेचने की योजना बनाई है। यह हिस्सेदारी एक जून से बिक्री पेशकश माध्यम से बेची जाएगी। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि बिक्री पेशकश (ओएफएस) खुदरा और गैर-खुदरा निवेशकों के लिए एक और दो जून को जारी रहेगी। कोल इंडिया ने कहा कि प्रस्ताव के तहत कंपनी के 9.24 करोड़ शेयर यानी 1.5 प्रतिशत हिस्सेदारी को बेची जाएगी। इसके अलावा अतिरिक्त बोली आने पर इतनी ही बिक्री और करने का विकल्प रखा गया है। कोल इंडिया का शेयर बुधवार को 241.20 रुपए पर बंद हुआ। इस दर से कंपनी के तीन प्रतिशत हिस्सेदारी की कीमत लगभग 4,400 करोड़ रुपए होगी। सूचना में कहा गया है कि बिक्रेता ने 10 रुपए अंकित मूल्य के 9,24,40,924 इक्विटी शेयर बेचने का प्रस्ताव दिया है। यह बिक्री खुदरा और गैर-खुदरा निवेशकों के लिए एक और दो जून को होगी। यह कुल चुकता शेयर पूंजी का 1.5 प्रतिशत है। इसके अलावा ज्यादा बोली आने पर इतने ही संख्या में और शेयर यानी 1.5 प्रतिशत और हिस्सेदारी बेचने का विकल्प रखा गया है।




# सच्चे दोस्तों की कमी की समस्या से जूझ रही दुनिया : कामत

## -अकेलापन से 15 सिगरेट पीने के बराबर नुकसान



**नई दिल्ली।** अरबपतियों की लिस्ट में शामिल मशहूद उदयोग पति निखिल कामत का कहना है कि दुनिया इस समय एक अलग तरह की मंदी की चपेट में आ रही है। यह मंदी लोगों को अंदर ही अंदर खाए जा रही है। कामत का कहना है कि दुनिया इस समय सच्चे दोस्तों की कमी की समस्या से जूझ रही है। कामत ने अमेरिकन पर्सपेक्टिव नामक संस्था के सर्वे को भी ट्विटर पर शेयर किया है। सर्वे में कहा गया है कि फ्रेंडशिप रिसेशन भविष्य में एक गंभीर संकट बन सकता है क्योंकि अकेलापन एक दिन में 15 सिगरेट पीने के बराबर नुकसान करता है। निखिल कामत ने ट्विटर पर लिखा कि इंसान का खुद को अकेला महसूस करना बहुत खतरनाक है। वे इस फ्रेंडशिप रिसेशन को लेकर चिंतित हैं। काफी संख्या में लोग अब यह स्वीकार कर रहे हैं कि उनके पास ऐसे दोस्तों की कमी है, जिनके साथ वे अपनी समस्याएं खुलकर शेयर कर सकें। कामत ने बताया कि उनके जीवन में 5 करीबी दोस्त हैं, जिनके लिए वे सब कुछ कर सकते हैं। कामत ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से फ्रेंडशिप रिसेशन से संबंधित कुछ चार्ट भी शेयर किए, जो अमेरिकन पर्सपेक्टिव नाम की एक संस्था की ओर से साल 2021 में कराए सर्वे पर आधारित हैं। संस्था ने फ्रेंडशिप रिसेशन का मतलब ऐसे लोगों की संख्या में बढ़ोतरी के बारे में बताया है, जिनके पास एक निश्चित संख्या में करीबी दोस्त नहीं होते हैं या संकट के समय में उनके पास भरोसा करने लायक बहुत कम लोग होते हैं। अमेरिकन पर्सपेक्टिव संस्था के सर्वे के अनुसार, दोस्तों की संख्या में गिरावट के चार मुख्य कारण हैं हैं। इसमें लगातार एक जगह से दूसरे जगह पर शिफ्ट होना, बच्चे के पालन-पोषण पर अभिभावकों का बढ़ता ध्यान, ऑफिस के काम को ज्यादा तव्वजो देने की बढ़ती संस्कृति और किसी एक शख्स के साथ ब्रेकअप के चलते दोस्तों के पूरे ग्रुप से अलग हो जाना। फ्रेंडशिप रिसेशन पर चेतावनी देते हुए सर्वे में कहा गया है अगर यह ट्रेंड जारी रहा तो हमें आने वाले दिनों में समाज से बिल्कुल कटे व्यक्ति बहुत ज्यादा देखने को मिल सकते हैं। व्यक्ति के जीवन में मित्रों की संख्या कम होने से दुख और बीमारी बढ़ेगी।सर्वे के मुताबिक, 15 प्रतिशत पुरुषों ने कहा कि उनका एक भी लंगोटिया मित्र नहीं है। साल 1990 के समय यह आंकड़ा सिर्फ 3 प्रतिशत था। कोरोना महामारी के दौरान आधी से अधिक महिलाओं का अपने दोस्तों से संपर्क टूट गया।

# पतंजलि के प्रमोटर्स बेचेंगे 6 फीसदी हिस्सेदारी

## - कंपनी ऑफर फॉर सेल और क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशंस प्लेसमेंट के जरिए शेयर बेचेगी




**नई दिल्ली।** पतंजलि फूड्स ने एक्सचेंजों को दी जानकारी के मुताबिक कंपनी के प्रमोटर्स अपनी 6 फीसदी हिस्सेदारी बेचने की योजना बना रहे हैं। जून महीने में मिनिमम पब्लिक शेयरहोल्डिंग की शर्तों को पूरा करने के लिए प्रमोटर्स 6 फीसदी हिस्सेदारी इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स को बेचेंगे। बता दें कि सेबी के नियम कहते हैं कि किसी भी लिस्टेड कंपनी की कम से कम 25 फीसदी हिस्सेदारी ओपन मार्केट में होना चाहिए। गौरतलब है कि पतंजलि फूड्स को पहले रुचि सोया इंडस्ट्रीज के नाम से जाना जाता था। समूह ने इनसॉल्वेंसी रिज्योलूशन के जरिए सितंबर 2019 में रुचि सोया खरीद था। इसके बाद इसका नाम बदल कर पतंजलि फूड्स रखा गया। बाबा रामदेव ने इस बारे में कहा कि हम बाजार नियामक सेबी के नियमों के मुताबिक मिनिमम पब्लिक शेयहोल्डिंग के नियमों को पूरा करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि कंपनी जून महीने में अपनी 6 फीसदी हिस्सेदारी बेचने की कोशिश कर रही है। कंपनी ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) और क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशंस प्लेसमेंट के जरिए शेयर बेचेगी। ऑफर फॉर सेल के इश्यू प्राइस को लेकर कंपनी के सीईओ संजीव अस्थाना ने कहा कि बाजार के हिसाब से यह तय किया जाएगा कि ऑफर फॉर सेल के जरिए कितना फंड जुटाया जाएगा। रामदेव ने कहा कि हम 31 मई से रोडशो शुरू कर दिया है और इसमें ग्लोबल निवेशकों की अच्छी दिलचस्पी है। पतंजलि फूड्स की पब्लिक शेयरहोल्डिंग फिलहाल 19.18 फीसदी है। अब कंपनी इसे बढ़ाकर 25 फीसदी करने वाली है। स्टॉक्स की बात करें तो पतंजलि फूड्स के शेयर 31 मई को 2.10 फीसदी की तेजी के साथ 1042 रुपए पर बंद हुए। पतंजलि फूड्स का मार्केट कैप फिलहाल 37.90 करोड़ रुपए है।

# पेट्रोल और डीजल की कीमत कुछ शहरों में बदली




**नई दिल्ली।** कच्चे तेल में उतार-चढ़ाव के बीच पेट्रोल और डीजल के दाम भारतीय तेल कंपनियों की ओर से जारी कर दिए गए हैं। इसमें कोई भी बदलाव नहीं किया गया है। बड़े महानगरों में दाम स्थिर बने हुए हैं। वहीं कुछ शहरों में पेट्रोल की कीमत बढ़ी है तो कहीं कमी देखने को मिल रही है। पटना में पेट्रोल 88 पैसे सस्ता हुआ है। इसके अलावा नोएडा में भी पेट्रोल की कीमत में 13 पैसे की कमी आई है। सुबह 6 बजे हर दिन पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव होता है। पेट्रोल व डीजल की कीमत में एक्साइज ड्यूटी, डीलर कमीशन, वैट और अन्य चीजें जोड़ने के बाद इसकी कीमत मूल भाव से लगभग दोगुना हो जाती है। इन शहरों में पेट्रोल डीजल के दामझ दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.79 रुपए और डीजल 89.96 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 96.58 रुपए और डीजल 89.75 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.24 रुपए और डीजल 94.04 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

red rose news:Layout 1 6/11/2023 12:32 AM Page 6



# कोरोना से एक बार फिर दहशत में आया चीन, नए एक्सबीबी वेरिएंट का खतरा



**बीजिंग।** चीन में एक बार फिर से कोरोना वायरस का कहर बरपने वाला है। हालांकि चीन ने कोरोना के नए एक्सबीबी वेरिएंट से निपटने के लिए कमर कसनी शुरू कर दी है। लेकिन भारत को भी इससे आगाह किया है। अनुमान जताया जा रहा है कि जून महीने में देश में कोरोना के 6.5 करोड़ केस सामने आ सकते हैं। वहीं चीन के महामारी विशेषज्ञों ने जोर देकर कहा है कि देश को अस्पतालों में एंटी वायरल दवाओं की सप्लाई के लिए तैयार रहना चाहिए। इस बीच खबरों के मुताबिक चीन का आर्थिक विकास प्रभावित न हो इसके लिए शी जिनपिंग सरकार लॉकडाउन से परहेज करेगी। चीन के विशेषज्ञों ने भारत को नए संक्रमण की लहर को लेकर चेतावनी दी है। अनुमान है कि चीन में अगले महीने हर सप्ताह साढ़े 6 करोड़ लोग कोरोना वायरस से संक्रमित होंगे। इससे देश में कोरोना वायरस की एक नई लहर आने का खतरा है। कोरोना का नया एक्सबीबी वेरिएंट देश में बहुत तेजी से बढ़ रहा है। अभी 6 महीने पहले ही चीनी अधिकारियों ने बहुत क्रूर जीरो कोविड नीति को खत्म किया था। जिसकी वजह से देश में लॉकडाउन लगा हुआ था, लोगों की आवाजाही पर बैन था और कई अन्य शहरों में कठोर प्रतिबंध लगे हुए थे। जानकार बताते हैं कि एक्सबीबी ओमिक्रोन वेरिएंट का ही एक सब वेरिएंट है। हालांकि इसकी अगस्त 2022 में सबसे पहले भारत में ही पहचान की गई थी। वैज्ञानिकों का कहना है कि एक्सबीबी अब तक आए वेरिएंट में सबसे ज्यादा संक्रामक वेरिएंट में से एक है जो इम्यून सिस्टम को मात दे देता है। इससे पहले 27 मई को चीन के एक शीर्ष महामारी विशेषज्ञ झोंग नानशान ने चेतावनी दी थी कि अप्रैल के आखिरी दिनों में ही नए वेरिएंट की लहर शुरू हो गई थी। बता दें कि चीन हर सप्ताह 4 करोड़ मामलों की ओर बढ़ रहा है। चीन ने पहले दावा किया था कि उसकी वैक्सीन कोरोना के कहर को रोकने में बेहद कारगर है लेकिन अब उसकी पोल बुरी तरह से खुल गई है। हालांकि चीन ने दो वैक्सीन को मान्यता दी है लेकिन ये दोनों ही कोरोना के कहर को रोकने में नाकाम रही हैं। चीन अब 3 से 4 और वैक्सीन को मान्यता देने जा रहा है। चीन के स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि कोरोना वायरस का नया स्ट्रेन तेजी से फैलेगा और इसका विस्तार इस साल एशिया में भारत से लेकर अमेरिका और यूरोप तक के लिए चिंता का विषय होगा। अभी हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना को ग्लोबल इमरजेंसी के स्तर से घटा दिया था। चीन अब व्यापक स्तर पर वैक्सीन लगाने का प्रोग्राम शुरू कर रहा है।

# आईएमएफ से जितने पैसे पाकिस्तान उधार मांग रहा, उतने में भारत ने नई संसद बना डाली




**इस्लामाबाद।** भारत में 971 करोड़ रुपये की लागत से बनी संसद की भव्य इमारत को देखकर पाकिस्तानियों के होश उड़े हुए हैं। पाकिस्तानी विश्लेषक और जनता देश की कंगाली पर जमकर आंसू बहा रही है। उनका कहना है कि पाकिस्तान जितने पैसे के लिए आईएमएफ के आगे भीख मांग रहा है, भारत ने उतने पैसों में संसद बना डाला। एक पाकिस्तानी ने कह दिया कि ऐसी संसद पहले कभी नहीं देखा। यही नहीं जिस तरह से इतनी तेजी से संसद को बनाया गया है, ऐसा मैंने पहली बार देखा है। पाकिस्तानी ने कहा, यह संसद अगर अंदर से देखो तब आंखें चकाचौंध हो जाती हैं। पाकिस्तानी विशेषज्ञ हामिद बसानी कहते हैं, भारत अगर 2.5 अरब डॉलर की लागत से संसद बना रहा है, तब यह बहुत दिलचस्प है क्योंकि ढाई अरब डॉलर पाकिस्तान के लिए गले की हड्डी बन गया है। पिछले 6 महीने से आईएमएफ ने गर्दन से पकड़कर पाकिस्तान को दीवार पर टांग दिया है। 6 महीने बीत गए हैं लेकिन मिलेगा या नहीं, यह तय नहीं। उन्होंने कहा कि भारत अगर इमारत बना रहा है, तब इसके पीछे वजह उसकी तरक्की है। एक पाकिस्तानी ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत है। भारत के पास पैसा है इसलिए वे इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। आम पाकिस्तानी नागरिक ने कहा कि आपको पता है कि पाकिस्तान भारत के विपरीत 70 साल से कटोरा पकड़कर चल रहा है। कुछ पाकिस्तानियों ने कहा कि भारत आज तरक्की करके दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन चुका है। वे कह रहे हैं कि भारत से सीखने की जरूरत है। पाकिस्तानी उस समय पर अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं जब उनका देश आईएमएफ से कर्ज के लिए गिड़गिड़ा रहा है। पाकिस्तान के कई बार कर्ज मांगने के बाद भी अभी तक उस एक फूटी कौड़ी आईएमएफ से नहीं मिली है। पाकिस्तान को अगर जून तक किसी देश से कर्ज नहीं मिलता है, तब वह डिफॉल्ट हो सकता है। पाकिस्तान को कई अरब डॉलर के कर्ज भी लौटाने हैं, लेकिन उसके पास विदेशी मुद्राभंडार अभी मात्र 4 अरब डॉलर के ही आसपास है। वहीं अगर भारत की बात करें तब इस संसद भवन को ही बनाने में 971 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। संसद भवन की इमारत में 26,045 मिट्रिक टन स्टील, 63,807 मिट्रिक टन सीमेंट और 9,689 क्यूबिक मीटर फ्लाई ऐश का इस्तेमाल किया गया है। वहीं कुल 23,04,095 कार्यदिवस पैदा हुए। इस नई संसद के अंदर लोकसभा के 888 और राज्यसभा के 300 सदस्य बैठ सकते हैं।

# महिला 60-70 लाख रुपये तक खर्च कर डालती है शॉपिंग पर

## - पति के पैसे उड़ाना ही है पत्नी की हॉबी



**दुबई।** दुबई की रहने वाली एक महिला का शौक सिर्फ और सिर्फ अपने पति के पैसे उड़ाने का है। मैडम अपने इस शौक को पूरा करने के लिए 60-70 लाख रुपये तक खर्च कर डालती हैं। दिलचस्प तो ये है कि वो अपनी की किंग साइज लाइफस्टाइल को ऑनलाइन शोऑफ करने में भी पीछे नहीं हटती हैं। महिला अपनी शानदार छुट्टियों और खचीलें खाने-पीने की जगहों को सोशल मीडिया पर डालती है। उसका कहना है कि वो दुबई की एक अमीर हाउसवाइफ है और उसका शौक पति के पैसों को उड़ाना है। सउदी नाम की महिला के टिकटॉक और इंस्टाग्राम पर मिलाकर लाखों में फॉलोअर्स हैं। वे अपनी रोजाना की लग्जरी लाइफ की झलक इस पर डालती रहती है। वो एक दिन की शॉपिंग पर 3 लाख से लेकर 70 लाख रुपये तक आराम से खर्च कर देती है। महिला ने बताया कि उसे डिजाइनर कपड़े और बैग्स ही पसंद हैं जबकि उनके पास मैचिंग गाड़ियां भी मौजूद हैं। वो दुनिया के तमाम देशों में घूम चुके हैं और हर ट्रिप पर आराम से 14-15 लाख का खर्च आ जाता है। सौदी खुद ससेक्स में पैदा हुई हैं, जबकि उनके पति एक सऊदी अरब के ही अमीर शख्स हैं। वो अपने बोटॉक्स और मैनीक्योर पर भी हजारों और लाखों उड़ाने में पीछे नहीं हटती। मालूम हो कि हर किसी के स्वभाव के मुताबिक उसके अपने शौक होते हैं। किसी को घूमना-फिरना अच्छा लगता है तो किसी को खाने-पीने का शौक होता है। कुछ लोगों को इससे अलग अकेले में वक्त बिताना भी अच्छा लगता है।


# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने दी गलत जानकारी, विश्वसनीयता पर सवाल उठना शुरू



**वाशिंगटन।** आज के समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की काफी चर्चा हो रही है। लोग अभी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल पर काफी सवाल खड़े कर रहे हैं। कुछ का कहना है कि ये इंसानों के लिए सही नहीं है. वहीं कई का कहना है कि अगर इसका इस्तेमाल सही ढंग से करें, तब काफी फायदा हो सकता है। हाल ही में न्यूयॉर्क से एआई के इस्तेमाल को लेकर एक खबर सामने आई। यहां वकील ने अपने केस के लिए चैट जीपीटी की मदद ली। लेकिन इसका अंजाम अच्छा नहीं निकला। वकील को इसकी जानकारी नहीं थी कि चैट जीपीटी फैक्ट्स पर जवाब नहीं देता। मशीन ने वकील को गलत जानकारियां दे दी। उसी के आधार पर उसने कोर्ट में दलील पेश कर दी। गलत फैक्ट्स पर कोर्ट का समय बर्बाद करने के लिए वकील को जज से फटकार लग गई। स्टीवन की दलील में 6 मामलों का जिक्र था जो 1999 से 2019 के बीच में हुए थे। इनके आधार पर स्टीवन ने क्लाइंट का केस रद्द ना करने की अपील की थी। लेकिन ना तब एयरलाइन के वकील ना ही जज को इसतरह के किसी केस के बारे में कुछ भी जानकारी मिली। जब स्टीवन से इन मामलों के बारे में पूछा गया, तब वकील ने बताया कि केस के लिए उसने चैट जीपीटी की मदद ली थी और उसी से इन मामलों की जानकारी मिली। जज से फटकार मिलने के बाद अपनी सफाई में स्टीवन ने कहा कि उस इसकी जानकारी नहीं थी कि चैट जीपीटी गलत जानकारी देता है। इस मामले के बाद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर सवाल उठना शुरू हो गया है।

# दुनिया के लिए चुनौती बना पोवासन वायरस

## - टिक के काटने से शख्स की मौत



**वाशिंगटन।** दुनिया भर के स्वास्थ्य विशेषज्ञों के लिए पोवासन वायरस चुनौती बना हुआ है। टिक्स के काटने से फैलने वाले इस वायरस से होने वाली बीमारी का अभी तक उपाय नहीं खोजा गया है। वहीं इस वायरस के चलते अमेरिका में एक मौत का मामला भी सामने आया है। इसके चलते मेन सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन ने कहा कि इस दुर्लभ वायरस से एक मौत के बाद स्वास्थ्य अधिकारी लोगों को घातक पोवासन वायरस बीमारी के बारे में सचेत कर रहे हैं, जो टिक से फैलने वाली एक लाइलाज बीमारी है। द इंडिपेंडेंट के अनुसार, अमेरिका में हर साल 25 लोग पोवासन वायरस से संक्रमित होते हैं। पोवासन आमतौर पर संक्रमित हिरण टिक, ग्राउंडहॉग टिक या गिलहरी की टिक के काटने से मनुष्यों में फैलता है। हालांकि पोवासन के मामले दुर्लभ हैं, लेकिन हाल के वर्षों में अधिक मामले सामने आए हैं। अमेरिका, कनाडा और रूस में इंसानों में पोवासन वायरस के संक्रमण की सूचना मिली है। रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्रों के अनुसार, पोवासन वायरस से संक्रमित अधिकांश लोगों में बहुत कम लक्षण नजर आते हैं। जो लोग संक्रिमत होते हैं उनमें लक्षण सामने आने में 1 सप्ताह से 1 महीने तक का समय लग सकता है। शुरूआती लक्षणों में बुखार, सिरदर्द, उल्टी और कमजोरी शामिल हो सकते हैं। पोवासन वायरस गंभीर बीमारी का कारण बन सकता है, जिसमें मस्तिष्क का संक्रमण (इंसेफ्लाइटिस) शामिल है। गंभीर बीमारी के लक्षणों में भ्रम, कोऑर्डिनेशन की कमी, बोलने में कठिनाई और दौरे शामिल हैं। गंभीर बीमारियों वाले 10 में से लगभग 1 व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है।पोवासन वायरस के संक्रमण को रोकने या उसका इलाज करने के लिए कोई दवा नहीं है। एंटीबायोटिक्स वायरस का इलाज नहीं करते हैं। जो व्यक्ति वायरस से गंभीर संक्रमित होते हैं, उन्हें इलाज की सख्त जरूरत होती है। बता दें कि दुनिया में तरह-तरह के वायरस सामने आ रहे हैं, जो इंसानों के लिए बेहद घातक हैं। कुछ वायरस के इलाज वैज्ञानिकों व चिकित्सकों के पास हैं तो कुछ से होने वाली बीमारी अभी भी लाइलाज हैं।

# हाथ-पैर कट जाए तो भी दर्द नहीं होता है महिला को

## -कैमरन एक दुर्लभ जेनेटिक बीमारी की शिकार




**न्यूयॉर्क।** स्कॉटलैंड की 74 वर्षीय जो कैमरन एक दुर्लभ जेनेटिक बीमारी की शिकार हैं। उनकी हड्डियां टूटीं, ऑपरेशन हुए। कार हादसों में कई बार उनके शरीर की नसें फट गईं, लेकिन उन्हें कभी दर्द महसूस नहीं हुआ। डॉक्टरों के मुताबिक, इसकी वजह एक जन्मजात बीमारी एनाल्जेसिया है। 2013 में डॉक्टरों ने इस बीमारी का पता लगाया था। 6 साल तक चले रिसर्च के बाद डॉक्टरों ने बताया कि एक रेयर जेनेटिक म्यूटेशन की वजह से वह दर्द मुक्त हो गई हैं। इसे डॉक्टरों ने फैटी एसिड एमाइड हाइड्रॉलेज जीन में म्यूटेशन का नाम दिया। यह सेंट्रल नर्वस सिस्टम के कुछ हिस्सों में दर्द, मनोदशा, स्मृति बनाए रखने के लिए जाना जाता है। दरअसल, दर्द होना इसलिए जरूरी है कि इससे हमें पता चलता है कि हमारे शरीर में दिक्कत कहां है। तकलीफ कितनी ज्यादा है। तभी हम इसका इलाज कर पाते हैं। अगर दर्द ही नहीं होगा तो हमें पता ही नहीं चलेगा कि तकलीफ कितनी है। सही मायनों में दर्द एक अलार्म बेल की तरह होता है। जैसे ही शरीर में कहीं दर्द होता है, हमें अंदाजा हो जाता है कि कोई गड़बड़ हो गई है। ब्रेन इस बारे में हमें अलर्ट कर देता है और हम खुद को खतरों से या उस चीज दर्द देती है, उससे बचाते हैं। मगर कैमरन के साथ ऐसा बिल्कुल नहीं है। कैमरन ने कहा, मुझे पता था कि मैं एक खुशमिजाज व्यक्ति हूं, लेकिन मुझे नहीं पता था कि मैं दुनिया में सबसे अलग हूं। मुझे नहीं पता था कि 65 साल की उम्र तक मेरे शरीर में कुछ अजीब चल रहा है। जीन और जेनेटिक म्यूटेशन का कांबिनेशन मुझे दुनिया में सबसे अलग बनाता है। ब्रेन में पब्लिश स्टडी के मुताबिक, यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के विशेषज्ञों ने पाया कि फाह आउट जीन में म्यूटेशन मॉलिक्यूलर लेवल पर अलग तरह से काम करता है, जिसकी वजह कैमरन को दर्द महसूस नहीं होता।

red rose news:Layout 1 6/11/2023 12:32 AM Page 7



# दूसरी शादी को लेकर आशीष विद्यार्थी ने तोड़ी चुप्पी, अकेलापन खल रहा था

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर लगातार आ रही जुमलेबाजी को लेकर एक्टर आशीष विद्यार्थी ने चुप्पती तोड़ते हुए कहा कि उन्हें अब अकेलापन खल रहा था। हिंदी फिल्मों में विलेन के तौर पर जाने-जाने वाले दिग्गज एक्टर आशीष विद्यार्थी इन दिनों अपनी दूसरी शादी को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। एक्टर ने रुपाली बरुआ संग दूसरी शादी रचा ली है। 57 साल की उम्र में आशीष की दूसरी शादी को लेकर सभी बेहद सरप्राइज हो रहे हैं। इसी बीच अब खुद एक्टर ने अपनी सेकेंड मैरिज को लेकर खुलासा किया है और बताया कि आखिर उम्र के इस पड़ाव पर उन्होंने दूसरी शादी क्यों रचाई है। आशीष विद्यार्थी ने 60 साल की उम्र में शादी रचाने की खबरों पर सफाई देते हुए कहा कि उनकी उम्र 57 साल है न कि 60 साल जैसा की सोशल मीडिया पर बताया जा रहा है। साथ ही उन्होंने बताया कि रुपाली बरुआ भी 50 साल की हैं। आशीष ने यूट्यूब पर एक लंबा वीडियो शेयर कर पहली शादी में आए तनाव और परेशानियों को लेकर बात की। एक्टर ने बताया कि उनकी पहली शादी भले ही मुश्किल दौर से गुजरी मगर आज भी दोनों एक दूसरे का काफी सम्मान करते हैं। पहली वाइफ



राजोशी बरुआ संग उनकी शादी काफी समय पहले ही खत्म हो चुकी है। लंबे वक्त तक अकेले रहने के बाद वो चाहते थे कि उनकी जिंदगी में कोई हमसफर आए। इसलिए उन्हें जैसे ही कोई अपना सा मिला, जिसके साथ उन्हें लगता है कि वो आगे की जिंदगी साथ बिता सकेंगे। उन्होंने शादी का फैसला कर लिया। जाहिर है कि आशीष विद्यार्थी ने पहली शादी एक्ट्रेस राजोशी बरुआ से की थी। करीब 22 साल तक साथ रहने के बाद दोनों का तलाक हो गया। पहली शादी से एक्टर को एक बेटा अर्थ भी हुआ। तलाक के करीब 2 साल बाद अब आशीष ने दूसरी शादी कर ली है। रुपाली बरुआ कोलकाता बेस्ड फैशन इंडस्ट्री से तालुक रखती हैं।

# सत्यप्रेम की कथा का गाना नसीब से हुआ रिलीज

**मुंबई।** अभिनेता कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की फिल्म सत्यप्रेम की कथा कुछ ही दिनों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में दोनों स्टार्स को फिर रोमांस करते देखा जाएगा। फिल्म का पहला टीजर कुछ दिन पहले ही आया था, इस टीजर को काफी पसंद किया गया। अब मेकर्स ने फिल्म के पहले गाने को रिलीज किया है। पहले गाने का नाम नसीब से है। गाने में कार्तिक और कियारा बर्फीली वादियों में घूमते और रोमांस करते नजर आ रहे हैं। दोनों वादियों में बाइक पर सवार घूमने, जंगल, नदी और सरसों के बीच समय बिताते एक दूसरे की बाहों में बाहें डाले हुए हैं। इतना ही नहीं, ठंड में मैगी का मजा भी वहां अपने ही अंदाज में ले रहे हैं। दोनों मस्तीभरे अंदाज में डांस भी करते दिखाई दे रहे। नसीब से गाने में कार्तिक और कियारा का रोमांस देखने लायक है। दोनों एक दूसरे की नजरों में खोए हुए हैं। गाने का अंत दोनों के किस करने से होता है। विशाल मिश्रा और पायल देव की सुरीली आवाज वाला ये गाना आपका दिल खुश कर देगा। इसके



विजुअल्स के साथ दोनों सिंगर्स की आवाज आपको अलग ही दुनिया में लेकर जाती है। कुछ दिनों पहले फिल्म सत्यप्रेम की कथा का टीजर रिलीज हुआ था। इसमें कार्तिक और कियारा को एक दूसरे के प्यार में पड़ते और शादी करते देखा गया। उनके प्यार के साथ तकलीफ और परेशानियां भी दोनों की जिंदगी में आती दिखीं, जिनकी वजह से उनकी की आंखें भी नम हो रही थी। ये साफ हो गया था कि फिल्म सत्यप्रेम की कथा में प्यार-मोहब्बत की बातों के साथ काफी ड्रामा भी देखने को मिलने वाला है। डायरेक्टर समीर विध्वंस की बनाई ये फिल्म 29 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# भाईजान का बदला मिजाज विक्की को लगाया गले, वीडियो वायरल





**मुंबई।** बालीवुड के विक्की कौशल को एक दिन पहले आईफा अवार्ड-2023 में सलमान खान की सिक्योरिटी ने धक्का दिया था, अब एक्टर का नया वीडियो सुर्खियां बटोर रहा है, जिसमें टाइगर-3 स्टार को उन्हें गले लगाते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में सलमान खान को अवॉर्ड फंक्शन के ग्रीन कारपेट पर चलते हुए देखा जा सकता है। सलमान इस बार भी सिक्योरिटी से घिरे नजर आए, हालांकि भाईजान ने बगल में खड़े विक्की कौशल पर ध्यान दिया। वे उनकी ओर चलकर आए और उन्हें गले लगाया। सलमान के बॉडीगार्ड शेरा ने भी विक्की से हाथ मिलाया। एक दिन पहले विक्की का फैंस के साथ सेल्फी लेते हुए वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें सलमान अपनी सिक्योरिटी के साथ उनके करीब से गुजरे थे। वीडियो में लोगों ने ध्यान दिया विक्की कौशल जहां सलमान का अभिवादन करने की कोशिश कर रहे थे, जबकि भाईजान की सिक्योरिटी उन्हें दूर धकेल रही थी और उन्हें सलमान से मिलने नहीं दे रही थी। वीडियो ने विक्की कौशल के फैंस को निराश कर दिया था। लोगों का एक वर्ग सलमान खान को अक्खड़ बता रहा था। वीडियो वायरल होने के बाद विक्की ने इसे लेकर कमेंट किया और बोले कि चीजें वैसी नहीं हैं, जैसी वीडियो में नजर आ रही हैं, इसलिए इस पर बात करने का कोई मतलब नहीं है। काम की बात करें, तो सलमान खान ने खुलासा किया था कि उन्होंने टाइगर-3 की शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म दिवाली के मौके पर रिलीज होगी। वहीं विक्की कौशल जल्द ही सारा अली खान के साथ जरा हटके जरा बचके में नजर आएंगे। यह फिल्म 2 जून 2023 को रिलीज होगी।

# फिल्म 'गदर: एक प्रेम' कथा 22 साल बाद फिर होगी रिलीज, मचाएगी धमाल

## सनी देओल व अमीषा पटेल की है सुपरहिट फिल्म

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल और अभिनेत्री अमीषा पटेल की सुपरहिट फिल्म गदर: एक प्रेम कथा 22 साल के बाद फिर से रिलीज होगी। अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म गदर: एक प्रेम कथा वर्ष 2001 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सनी देओल, अमीषा पटेल और अमरीश पुरी ने अहम भूमिका निभाई थी। गदर: एक प्रेम कथा फिर से सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। सनी देओल ने सोशल अकाउंट के जरिए जानकारी दी है कि गदर: एक प्रेम कथा 9 जून को फिर से 22 साल बाद दर्शकों के सामने होगी। इसके साथ उन्होंने लिखा कि वही प्रेम, वही कथा, पर इस बार अलग होगा एहसास। सनी ने बताया कि इसका ट्रेलर भी जल्द रिलीज होगा। दरअसल, काफी दिनों से फिल्म गदर 2: दि कथा कंटीन्यूज की शूटिंग चल रही है, जिसको लेकर दर्शकों में काफी एक्साइटमेंट है। जहां फैंस बेसब्री से गदर 2 का रिलीज होने का इंतजार कर रहे




हैं। इस बीच पुराने दिनों की यादें ताजा करने के लिए सनी और मेकर्स ने एक बार फिर इस फिल्म गदर: एक प्रेम कथा को बड़े पर्दे पर दिखाने का मन बनाया है। इस फिल्म में सनी के साथ अमीषा पटेल और अमरीश पुरी अहम भूमिका में थे। उल्लेखनीय है कि गदर: एक प्रेम कथा का सीक्वल बनाया जा रहा है। गदर 2: दि कथा कंटीन्यूज की शूटिंग चल रही है। यह फिल्म 11 अगस्त को रिलीज होगी। इस फिल्म में सनी के साथ अमीषा, उत्कर्ष शर्मा, मनीष वाधवा, सिमरत कौर, लव सिन्हा नजर आएंगे।

# कॉन्स फिल्म फेस्टिवल में अनुष्का ने कर लिया डेब्यू

कॉन्स फिल्म फेस्टिवल में एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा ने फाइनलीडेब्यू कर लिया है। एक्ट्रेस ने कान्स के रेड कार्पेट पर वॉक किया तो उसके फैंस देखते रह गए। वहीं, पति विराट भी अपनी पत्नी की खूबसूरती दीवाने हो गए। अनुष्का शर्मा रेड कार्पेट की फोटोज को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इन फोटोज में एक दम परी सी लग रही थीं। अनुष्का रेड कार्पेट के लिए व्हाइट कलर के बॉडीफिट गाउन को चुना। जिसके साथ उन्होंने स्लिक बन बनाया व सिंपल मेकअप और एयरिंग के साथ अपने लुक को पूरा किया। उनके इस लुक की खूब तारीफ हो रही है। वहीं, पति विराट भी अनुष्का की खूबसूरती के कायल हो गए हैं। उन्होंने पत्नी की तारीफ में दो लफ्ज तो नहीं कहे हैं, लेकिन 4 दिल वाली इमोजी जरूर शेयर की हैं जो ये बताने के लिए काफी हैं कि उन्हें पत्नी का ये



लुक कितना पसंद आया है। बता दें कि, अनुष्का ने लॉरियल के साथी एंबेसडर ईवा लोंगोरिया और एंडी मैकडॉवेल के साथ रेड कारपेट पर वॉक किया। उन्होंने द ओल्ड ओक के प्रीमियर में भाग लिया, जिसका डायरेक्शन दो बार पाल्मे डीओर विजेता केन लोच ने किया था।

# सैक्सी व ऑन-फ्लीक स्टाइल सेंस के साथ इंस्टाग्राम पर हलचल मचा रही हैं श्रद्धा लाड

## खास फैशन लेबल के लिए रैंप वॉक करेंगी मॉडल श्रद्धा लाड

**मुंबई।** सोशल मीडिया सनसनी श्रद्धा लाड सैक्सी व ऑन-फ्लीक स्टाइल सेंस के साथ इंस्टाग्राम पर हलचल मचा रही हैं। मॉडल श्रद्धा लाड खास फैशन लेबल के लिए रैंप वॉक करेंगी। टिनसेलटाउन की इस चमकदार दुनिया में फैशन शो और रेड कार्पेट नया सामान्य है। हालांकि, हर किसी को इन आयोजनों में चमकने का मौका नहीं मिलता है, लेकिन हमेशा अपवाद होते हैं और सोशल मीडिया सनसनी श्रद्धा लाड उनमें से एक हैं। हाल ही में वह अपने सैक्सी और ऑन-फ्लीक स्टाइल सेंस के साथ इंस्टाग्राम पर हलचल मचा रही हैं। इसे देखते हुए एक प्रमुख फैशन लेबल ने उन्हें अपनी प्रेरणा के रूप में शामिल किया है। श्रद्धा लाड पहले ही एक मॉडल के रूप में अपने कर्तव्यों का पालन कर चुकी हैं और कई फैशन लेबल जैसे ब्लैकमूर कॉट्यूरियर, अमायरा कॉउचर, अनहया आदि के लिए रैंप वॉक कर चुकी हैं। श्रद्धा लाड का कहना है कि मैंने हमेशा फैशन ट्रेंडसेटर्स के एक शक्तिशाली स्रोत के रूप में



फैशन लेवल की प्रतीक्षा की है और इसका हिस्सा बनना मुझे बेहद उत्साहित करता है। मैं भविष्य में ऐसे फैशन प्लेटफॉर्म का हिस्सा बनना पसंद करूंगी। मुंबई की निवासी श्रद्धा लाड 29 साल की हैं और मॉडलिंग उद्योग में चार साल से अधिक समय से हैं। इंडस्ट्री के बारे में अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने कहा कि बचपन से ही मैं इस क्षेत्र का हिस्सा बनना चाहती थी। फैशन वॉक, फ्लैशिंग कैमरा, अवांट-गार्डे कॉउचर और इनोवेशन का रस इन सभी ने हमेशा प्रेरित किया है। एक मॉडल और सोशल मीडिया सनसनी श्रद्धा लाड अपनी सफलता के चरम पर हैं और उनका कहना है कि वह इसका हर पल आनंद ले रही हैं।

red rose news:Layout 1 6/11/2023 12:32 AM Page 8



# दिल्ली आबकारी नीति मामले में सीबीआई ने दाखिल की सप्लीमेंट्री चार्जशीट



**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अपने पूरक आरोपपत्र में आरोप लगाया है कि दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग के प्रशिक्षुओं से अनुकूल राय हासिल करके आबकारी नीति के समर्थन में जनता की राय गढ़ी। एजेंसी ने 25 अप्रैल को विशेष सीबीआई अदालत के समक्ष दायर आरोपपत्र में आरोप लगाया है कि दिल्ली सरकार ने आबकारी नीति में आमूल-चूल परिवर्तन के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया था जिसने अपनी सिफारिशें दी थीं। आरोपपत्र में कहा गया है कि सिसोदिया सिफारिशों से नाखुश थे इसलिए उन्होंने तत्कालीन आबकारी आयुक्त राहुल सिंह को धवन समिति की रिपोर्ट वेबसाइट पर डालकर जनता की राय लेने के लिए कहा। मामले में सिसोदिया और अन्य आरोपियों के खिलाफ दायर पूरक आरोपपत्र में केंद्रीय एजेंसी ने आरोप लगाया है कि वह अपने पूर्व-कल्पित विचारों के अनुसार आबकारी नीति में प्रावधानों को बेईमानी और धोखे से शामिल करने के लिए जनता की गढ़ी राय के माध्यम से आधार तैयार करना चाहते थे। आरोपपत्र में आरोप लगाया गया है कि सिसोदिया ने दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष जाकिर खान के माध्यम से कुछ गढ़े हुए ईमेल प्राप्त किये जो दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग के प्रशिक्षुओं द्वारा आबकारी विभाग की समर्पित ईमेल आईडी पर भेजे गए थे । जिसमें एक प्रति आरोपी मनीष सिसोदिया को संलग्न की गई थी। इसमें आरोप लगाया गया है कि ईमेल में दिए गए सुझाव - जोन की नीलामी के माध्यम से खुदरा शराब लाइसेंस का आवंटन आबकारी शुल्क और वैट में कमी के साथ-साथ लाइसेंस शुल्क में वृद्धि और शराब की दुकानों की संख्या में वृद्धि- खान को सिसोदिया द्वारा सौंपे गए हस्तलिखित नोट में थे जिसमें निर्देश दिया गया था कि उक्त तर्ज पर जनता की राय प्राप्त करने के लिए दिए गए ईमेल आईडी पर विभिन्न ईमेल प्राप्त किये जाएं।

# दिल्ली एनसीआर में लगातार बढ़ रहा वायु प्रदूषण




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एनसीआर की हवा को साफ करने की बागडोर अब केवल सरकारी एजेंसियों के हाथों में नहीं रहेगी। विज्ञानी शोधार्थी शैक्षिक संस्थान एवं एनजीओ स्वयंसेवी संस्थाएं भी पर्यावरण प्रहरी बन सकेंगे। वायु प्रदूषण को लेकर वे विभिन्न क्षेत्रों में काम करेंगे। इसके लिए उन्हें वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) से आर्थिक सहयोग भी मिलेगा। पिछले कुछ वर्षों में सालाना स्तर पर देखें तो वायु प्रदूषण में अपेक्षाकृत कुछ कमी आई है लेकिन स्थिति अभी भी नियंत्रण में नहीं है। सर्दियों के साथ गर्मियों में भी प्रदूषण रहने लगा है। इससे निपटने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकारों के स्तर पर तमाम उपाय किए जा रहे हैं। बावजूद इसके बहुत कुछ किए जाने की जरूरत बनी रहती है। इसी जरूरत के मद्देनजर सीएक्यूएम ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए विज्ञानियों शोधार्थियों शैक्षिक संस्थानों और एनजीओ विशेषज्ञों के समूह एवं व्यक्तिगत स्तर पर भी कारगर सुझाव/प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। इन प्रस्तावों में संबंधित क्षेत्र का प्रदूषण कम करने के फामूले के साथ साल भर की कार्ययोजना भी शामिल रहेगी। विस्तृत ब्योरे सहित प्रस्ताव के दो सेट सीएक्यूएम कार्यालय में जमा कराने होंगे। आखिरी तारीख 30 जून है।

# साहिल ने साक्षी पर किए थे ताबड़तोड़ 34 वार



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के शाहबाद डेयरी इलाके में 16 साल की लड़की के सनसनीखेज हत्याकांड ने सभी को दहला दिया है। साक्षी को मौत के घाट उतारने वाले को पुलिस ने बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश) से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि उसने साक्षी को 34 बार चाकू से गोदा था। इसके बाद आरोपी ने उसक सिर को पत्थर से कुचला था। पुलिस ने मामले में एक और खुलासा करते हुए बताया कि साक्षी ने कई दिनों से उससे बात करनी बंद कर दी थी। रविवार सुबह बी ब्लॉक में आरोपी ने लड़की की चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। साहिल ने हत्या करने के बाद साहिल बुलंदशहर में रहने वाली बुआ के घर चला गया था। इसके मोबाइल की लोकेशन से पुलिस को पता लग गया था। वहां जाकर उनसे अपनी मां को फोन कर बताया कि वह बुआ के पास पहुंच गया है जिसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया। संयुक्त आयुक्त विवेक किशोर का कहना है कि साहिल ने साक्षी पर चाकू से 34 वार किए थे। कई दिनों से साक्षी ने उससे बात करनी बंद कर दी थी। रविवार रात अचानक साहिल का लड़की से अचानक आमना-सामना हो जाने पर उसने चाकू निकाल बेरहमी से मारना शुरू कर दिया था। पुलिस को जानकारी मिलते ही शव कब्जे में ले लिया और अस्पताल लेकर पहुंची। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस शव को सीधा श्मशान लेकर पहुंच गई। साक्षी के परिजनों ने बताया कि उसका शव घर के लिए देने से मना कर दिया। जहां पुलिस ने जल्दबाजी में अंतिम संस्कार करा दिया। आउटर-नॉर्थ (दिल्ली) के एडीसीपी ने बताया कि लड़का और लड़की एक दूसरे को पहले से जानते थे लेकिन कबसे जानते थे यह जांच का विषय है। हमारे पास अभी ज्यादा जानकारी नहीं आई है हम इसमें जानकारी इकट्ठा कर रहे हैं।

# पुराने किले में चल रही खोदाई मिला कुषाण काल का साक्ष्य ढूंढी जा रही



**नई दिल्ली।** पांडवों की राजधानी इंद्रप्रस्थ ढूंढने के लिए पुराना किला में चल रही खोदाई में कुषाण काल का एक और साक्ष्य मिला है। खोदाई में कुषाण काल के मिल चुके चबूतरे के बाद अब मिट्टी के बर्तन पकाने की एक भट्टी मिली है। इसके साथ काफी राख मिली है। पुरातात्विक अध्ययन में यह भट्टी उत्तर कुषाण काल की बताई गई है। यानी की कुषाण काल के शुरूआती समय की है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) ने खोदाई आगे जारी रखने का फैसला लिया है। मानसून शुरू होने से पहले तक खोदाई जारी रहेगी। आजादी के बाद से पांचवी बार पुराना किला में खोदाई हो रही है और यह पहला मौका है जब कुंती मंदिर के पास खोदाई हो रही है। खोदाई को विस्तार दिया गया है और एएसआइ इस उम्मीद के साथ आगे बढ़ रहा है कि इंद्रप्रस्थ को लेकर शायद इस बार किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सके। इस स्मारक में 1955 के बाद 1969 से 1972 तक इंद्रप्रस्थ ढूंढने के लिए खोदाई हुई है। इसके बाद 2013-14 और 2017-18 में भी खोदाई हुई है। पूर्व की दो खोदाई वरिष्ठ पुरातत्वविद प्रो बी बी लाल के नेतृत्व में हुई थीं और बाद की दो खोदाई पुरातत्वविद वसंत स्वर्णकार के नेतृत्व में हुई हैं। अभी जो खोदाई चल रही है इसका नेतृत्व भी स्वर्णकार कर रहे हैं। 1955 के बाद यह पहला मौका है जब खोदाई को लेकर एएसआइ आरपार की लड़ाई के मूड में है एएसआइ चाहता है कि इस बार किसी निष्कर्ष पहुंचा जाना चाहिए। दरअसल यहां वे चित्रित मृदभांड मिले हैं जिन्हें महाभारत काल का माना जाता है। यही चित्रित मृदभांड हस्तिनापुर और लाक्षागृह आदि के आसपास हुई खोदाई में भी मिले हैं। खोदाई का नेतृत्व कर रहे एएसआइ के निदेशक वसंत स्वर्णकार कहते हैं कि कि खोदाई में जो भट्टी निकली है उसकी निर्माण शैली से इसे प्रारंभिक कुषाण काल यानी कुषाण काल के शुरूआती समय का आंका गया है। भट्टी के साथ ही काफी राख भी मिली है।

# केजरीवाल की गंदी राजनीति से दिल्ली केंद्र सरकार की कई योजनाओं से वंचित : विनोद तावड़े



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल लगभग एक ही समय सत्ता में आए थे, मोदी को जहां केंद्र की सत्ता मिली तो वहीं केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री बने। हालांकि, भाजपा ने दावा किया कि तब से दोनों ने जो हासिल किया है, उसके बीच एक अंतर था। भाजपा फिलहाल दिल्ली में केजरीवाल सरकार के खिलाफ जबरदस्त अभियान चला रही है और केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियां बता रही है। इसको लेकर भाजपा ने दिल्ली के 17 विधानसभा क्षेत्रों में बैठकें आयोजित कीं। बैठकों में भाजपा ने जहां मोदी सरकार की उपलब्धियां गिगाई तो वहीं दिल्ली के मुख्यमंत्री की कमी को लोगों के समक्ष रखा। राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने कहा कि कि पीएम मोदी ने लगभग एक साल के अंतराल में केंद्र में और केजरीवाल ने दिल्ली में सत्ता संभाली लेकिन उनकी उपलब्धियों में महत्वपूर्ण अंतर था। तावड़े ने कहा कि मोदी सरकार ने देश के करोड़ों लोगों के लिए जो किया है, आज देश ही नहीं, पूरी दुनिया उसकी तारीफ कर रही है, जबकि दिल्ली की केजरीवाल सरकार अब भी आरोप-प्रत्यारोप कर रही है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल की गंदी राजनीति के कारण दिल्ली केंद्र सरकार की कई योजनाओं से वंचित रह गई। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आरोप लगाया कि उन्होंने ऐसा कोई काम नहीं किया, जिसके कारण केजरीवाल आम जनता के बीच जाकर उन्हें इसके बारे में बता सकें। मोहल्ला क्लीनिक पर केजरीवाल का चेहरा आज चमक रहा है, लेकिन जरूरी दवाइयां तक नहीं मिल रही हैं। बीजेपी इन जनचेतना सभाओं में दिल्ली के लोगों द्वारा उठाई गई समस्याओं और उनके द्वारा दिए गए सुझावों पर काम करेगी और उनका समाधान करेगी। दिल्ली के जिन विधानसभा क्षेत्रों में बीजेपी ने ये सभाएं कीं, उनमें बदरपुर, जनकपुरी, रोहिणी, मोती नगर, बिजवासन, महरौली, सीमापुरी, मुस्तफाबाद, कोंडली, त्रिनगर, तिलक नगर, बादली, किरारी, शकूर बस्ती, सदर बाजार, मादीपुर और मालवीय नगर शामिल हैं।

# अध्यादेश पर केंद्र को घेरने में जुटे सीएम केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इन दिनों केंद्र द्वारा लाए अध्यादेश एनसीसीएसए के खिलाफ विपक्ष को लामबंद करने में जुटे हुए हैं। कड़ी में वह सीपीएम नेता सीताराम येचुरी से मुलाकात करेंगे। सीताराम येचुरी से अपनी मुलाकात के बारे में खुद मुख्यमंत्री केजरीवाल ने ट्वीट कर जानकारी है। अध्यादेश की बात करें तो इसमें कहा गया है कि दिल्ली भारत की राजधानी है जो सीधे राष्ट्रपति के अधीन है। ऐसे में अधिकारियों के फेरबदल का अधिकार राष्ट्रपति के अधीन रहेगा। इस अध्यादेश के अनुसार राजधानी में अब अधिकारियों का तबादला और नियुक्ति नेशनल कैपिटल सिविल सर्विसेज अथॉरिटी (एनसीसीएसए) के माध्यम से होगी। इस अध्यादेश में कहा गया है कि इस एनसीसीएसए के अध्यक्ष दिल्ली के मुख्यमंत्री होंगे मगर मुख्य सचिव व गृह सचिव इसके सदस्य होंगे। मुख्य सचिव व गृह सचिव की नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा की जाएगी। अधिकारियों की नियुक्ति के विषय में



एनसीसीएसए उपराज्यपाल को अनुमोदन करेगी और अधिकारियों के तबादला और नियुक्ति में अगर कोई विवाद होता है तो आखिरी फैसला दिल्ली के एलजी का मान्य होगा।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक विश्वजीत शर्मा ने वंदना ऑफसेट प्रिंटर्स ए-9, सराय पीपलथला एक्स, दिल्ली - 110033 से छपवाकर जे-852, प्रथम तल, जहांगीरपुरी, दिल्ली-110033 से प्रकाशित किया।
सम्पादकः महेश चंद्र redrosenews.24seven@gmail.com Regd. RNI No : DELHIN/2007/21149
MO : 9717921531 || कोई भी कानूनी वाद-विवाद दिल्ली न्यायालय में तय होगा ||